गुरुवार, 1 मई 2025

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 33 – 23 |
| आर्द्रता | 72% |
| सूर्योदय: 5:05 | सूर्यास्त: 18:04 |



जातिगत जनगणना को समर्थन, सरकार इसकी समयसीमा बताए : राहुल –पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** जीवन में इतने व्यस्त रहिये कि पछतावा, दु:ख, नफरत, डर के लिए समय न बचे।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## सूचना

**मजदूर दिवस के अवसर पर समाज्ञा कार्यालय में आज अवकाश रहेगा। अत: समाज्ञा का अगला अंक शनिवार को प्रकाशित होगा। –सम्पादक**

### पहलगाम पर तनाव के बीच भारत का एक और बड़ा कदम...

# पाकिस्तानी विमानों के लिए बंद किया हवाई क्षेत्र

**जम्मू :** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारत ने बुधवार को पाकिस्तानी एयरलाइनों को अपने हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से प्रतिबंधित कर दिया। सूत्रों ने बताया कि नोटम(नोटिस टू एयरमैन) जारी किया गया है, जिसके तहत पाकिस्तानी एयरलाइनों को भारतीय हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से रोक दिया गया है। यह घटनाक्रम पाकिस्तान द्वारा भारतीय एयरलाइनों को अपने हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से रोके जाने के एक सप्ताह बाद हुआ है। भारत ने बुधवार को एक बड़ा कदम उठाते हुए नोटम (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया है। नोटम के तहत भारत ने 30 अप्रैल से 23 मई 2025 तक अपने एयरस्पेस को सभी पाकिस्तानी यात्री विमानों और सैन्य विमानों के लिए बंद कर दिया गया है। अब भारत के हवाई क्षेत्र में पाकिस्तानी विमान को प्रवेश की इजाजत नहीं होगी

## सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने जम्मू–कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक हुई। समझा जाता है कि भारत की संभावित प्रतिक्रिया को लेकर बढ़ती अटकलों के बीच हुई इस बैठक में हाल में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के संदर्भ में जम्मू–कश्मीर की मौजूदा सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गई। सीसीएस की बैठक प्रधानमंत्री के लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर हुई। मामले से अवगत लोगों ने बताया कि बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर शामिल हुए। सीसीएस की बैठक को लेकर हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।



दीघा में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर का मुख्यमंत्री ममता ने किया लोकार्पण पृष्ठ 5

## 74 साल बाद होगी देश में जातिगत जनगणना

**नयी दिल्ली :** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने जातिगत जनगणना को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का एलान कर दिया है। यह जनगणना मूल जनगणना के साथ ही कराई जाएगी। कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्रिमंडल के फैसलों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए।'उन्होंने कहा कि कांग्रेस कर पूर्ववर्ती सरकारों ने हमेशा से ही जातिगत जनगणना का विरोध किया है। आजादी के बाद से ही जाति को जनगणना की किसी भी प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया। 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया कि जातिगत जनगणना को कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। इसेक बाद एक मंत्रीमंडल समूह का गठन किया गया। इसमें ज्यादातर राजनीतिक दलों ने जातिगत जनगणना की संस्तुति की। इसके बावजूद भी कांग्रेस ने महज खानापूर्ति का ही काम किया। उसने महज सर्वे कराना ही उचित समझा।

# बड़ाबाजार के होटल में लगी भीषण आग में मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हुई, मृतकों में दो बच्चे भी शामिल

- **राष्ट्रपति औंर प्रधानमंत्री ने आगजनी में मौंतों पर जताया गहरा दुख**
- **पीएम मोदी व मुख्यमंत्री ममता ने आर्थिक मदद का किया ऐलान**
- **घटना की जांच के लिए किया एसआईटी का गठन**
- **होटल मैंनेजर गिरफ्तार, फरार दो मालिक की तलाश में जुटी पुलिस**




**कोलकाता, समाज्ञा :** मध्य कोलकाता के बड़ाबाजार इलाके में मछुआ फलपट्टी में स्थित ऋतुराज होटल में लगी भयावह आग में 15 लोगों की मौत हो गई। कोलकाता के पुलिस आयुक्त (सीपी) मनोज वर्मा ने कहा कि आग लगने की सूचना मंगलवार रात करीब 8 बजे लगी थी और करीब 10 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बुधवार की सुबह इसपर काबू पाया गया। आग इतनी भीषण थी कि चार मंजिला इमारत भट्टी में तब्दील हो गई। उन्होंने बताया कि घटना में मारे गए अधिकतर लोगों की जान दम घुटने के कारण गई और 13 अन्य घायल भी हैं। घटनास्थल पर सुबह पत्रकारों से बातचीत में वर्मा ने कहा कि बचाव कार्य के दौरान होटल से 13 लोगों के शव बरामद किए गए और कई लोगों को टीमों ने बचाया है। वहीं, मंगलवार की रात आग लगने के बाद जान बचाने के लिए डर से एक शख्स ने बालकनी से छलांग लगा दी थी, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना में मारे गए 15 लोगों में 11 पुरुष, एक महिला और दो बच्चे (एक लड़का और एक लड़की) शामिल हैं। अब तक आठ मृतकों की पहचान हुई है। अधिकतर मृतक पड़ोसी राज्यों के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो काम के सिलसिले में आकर होटल में ठहरे हुए थे। कोलकाता पुलिस ने घटना की जांच के लिए एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया है, जो आग लगने के कारणों और सुरक्षा में चूक का पता लगाएगी। इसकी अगुवाई डीसी सेंट्रल कर रहे हैं। 11 सदस्यीय टीम ने जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद होटल का मालिक आकाश व अतुल चावला फरार है। दोनों भाई हैं और हावड़ा के गोलाबारी में रहते हैं। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है। (शेष पृष्ठ 2 पर )

THE CAG SCHOOL
ISO:9001:2015 CERTIFIED
6 & 29, Pollock Street, Kolkata 700001
Contact : 92309 87139/92309 87140
UPTO 50% Discount For Early Birds
Sculpting Students Into True Scholars
Admission open For Session 2025
Class XI (Commerce & Arts)
Scholarship for Deserving Student
Direct Admission in BBA & BCA after class 12
Limited Seats Available
New Subjects Introduced
★ ENGLISH A ★ HINDI A ★ ALTERNATIVE ENGLISH
★ POLITICAL SCIENCE ★ BENGALI A ★ COST & TAX
★ COMMERCIAL LAW & PRELIMINARIES OF AUDITING
Visit : www.cagschool.org | Email : info.cagschool@gmail.com

Calcutta Public School Baguiati
RESULT AT A GLANCE
THE MANAGEMENT, PRINCIPAL AND TEACHERS OF CALCUTTA PUBLIC SCHOOL CONGRATULATE ALL ITS (ICSE 241 & ISC 234 STUDENTS) FOR THEIR MARVELLOUS PERFORMANCE IN ICSE & ISC EXAMINATIONS- 2025
ICSE Toppers



SHRESTHADIP GHOSH 98.4%
DIEVA DATTA 98%
JAYANTI DAS 98%
RITOBROTA BANERJEE 97.4%
DEBARASHMI ROY 97.2%
ISC Toppers



ALISHA ROY 97.5%
ANKIT SHARMA 97.5%
ARYA ASH 96.25%
AMBA BUCHA 95.5%
100 IN SUBJECTS
SHRESTHADIP GHOSH- English Lit./Computer/Chemistry/Biology- ICSE
RITOBROTA BANERJEE -English Lit./Computer/History- ICSE
DIEVA DATTA -Computer/History/Biology- ICSE
SHUBHAYU CHAKRABORTY- Mathematics/History-ICSE
NIRMALENDU KUMAR BISWAS-Computer/Biology- ICSE
SHAILJA PENGORIA -English Lit.- ICSE
JAYANTI DAS -History- ICSE
ARYAN KUMAR RAY -History- ICSE
SOUMYAJIT SAHOO -History- ICSE
MOHAMMAD ATHAR -History- ICSE
DEBARASHMI ROY-Physics- ICSE
PRINCE GUPTA-Computer- ICSE
SWARNADEEP SARKAR-Computer- ICSE
MD SHABIB KHAN-Computer- ICSE
ANKIT SHARMA -Computer- ISC
ADMISSION OPEN
For Classes Lower Nursery to IX & XI
(Science, Commerce & Humanities)
8017070888/(033) 2571-7391 www.calcuttapublicschool.in
6291632753/(033) 2570-3583 calcuttapublics@gmail.com



# अब पूर्वी भारत में टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए ऑटोमेटिक रोबोटिक सर्जरी

पूर्वी भारत में संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जरी के अग्र–दूत, **डॉ. संतोष कुमार,** बताते हैं कि एआई–सशक्त सक्रिय स्वचालित रोबोट सीयूवीआईएस सर्जनों के लिए आंखों की एक अतिरिक्त जोड़ी के रूप में कार्य करता है और सर्जरी में अधिक सटीकता प्रदान करता है और बुजुर्ग और बड़े जोखिम वाले रोगियों के लिए अधिक फायदेमंद हो सकता है।



Dr. Santosh Kumar
Orthopaedic and Joint Replacement Surgeon

अब तक, विभिन्न आर्थोपेडिक सर्जरी में निष्क्रिय और अर्ध–सक्रिय रोबोटों का उपयोग किया गया है। अब, प्रौद्योगिकी की उन्नति ने मनुष्य की भलाई के लिए चिकित्सा विज्ञान के साथ एक गांठ बांध ली है। इसे ध्यान में रखते हुए कोलकाता के अग्रणी ऑर्थोपेडिक सर्जन और पूर्वी भारत में प्रमुख ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ संतोष कुमार ने अब पूर्वी भारत में ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए अल–पावर्ड सक्रिय स्वचालित रोबोट पेश किया है। सीयूवीआईएस जैसे सक्रिय रोबोटों में एक सक्रिय स्वचालित रोबोटिक भुजा होती है जो पूर्व–योजना, अनुकरण, आकार और अभिविन्यास के साथ–साथ पूर्व–संचालन निर्धारण की अनुमति देती है और अंत में शून्य त्रुटि के साथ योजना के अनुसार हड्डी को तैयार करने का काम करती है। सर्जरी के सभी चरण स्वचालित रूप से ही होते रहते हैं और सर्जन रोबोट को हाथ से पकड़े हुए रिमोट से नियंत्रित करता है।

हालांकि पूरी प्रक्रिया इस सक्रिय स्वचालित रोबोट द्वारा की जाएगी लेकिन पूरी प्रक्रिया को डॉ. संतोष कुमार के नेतृत्व में कुशल आर्थोपेडिक सर्जनों की टीम द्वारा नियंत्रित किया जाएगा।




ADVANTAGES

- इंसान की आंखें एक मिली मीटर से करीब दो बिंदुओं में अंतर नहीं कर सकती हैं, लेकिन रोबोट एक मिलीमीटर के दसवें हिस्से तक माप का सटिक आंकलन कर सकता है। इसलिए, एक सर्जन अत्यंत सबमिली मीटर सटीकता के साथ सटीक प्रदर्शन कर सकता है।
- सर्जरी में सीयूवीआईएस का उपयोग करने की एक और खासियत अनुकूलित संरेखण भी है। यह सक्रिय रोबोट घुटने के प्रतिस्थापन में अति–उच्च परिशुद्धता के साथ हासिल किया जाता है। यह चलने की स्थिरता को पुनर्स्थापित करता है। इस प्रकार, यह एक सुरक्षित तकनीक है।
- 0% मानव त्रुटि होने की संभावना।
- सीयूवीआईएस अपने न्यूनतम इनवेसिव दृष्टिकोण, चिकनी हड्डी के कारण पोस्ट–ऑपरेटिव रिकवरी को भी तेज करता है। कटौती, प्रत्यारोपण की अनुकूलित नियुक्ति, कम खून का बहना और कम दर्द, रिकवरी में तेजी लाती है।

**प्रत्यारोपण में इसकी लंबी उम्र है।**

Institute of Robotic Joint Replacement Surgery (Belle Vue Clinic)
Dr Santosh Kumar is available for Consultation at Belle Vue Clinic, Loudon Street, Kolkata 17 (daily) and the office of Hip and Knee Foundation at Plot number 332, Lake Town block A, Kolkata-700 089
More information call us 9831911584/9831266632
Visit our website www.mykneemylife.org

# पाकिस्तान आतंक के रास्ते पर: कश्मीर से काबुल और उससे आगे!

आतंकवाद को प्रायोजित करने, उसे पनाह देने और दूसरे देशों में आतंक को बढ़ावा देने में पाकिस्तान का रिकॉर्ड, दुनिया की सबसे खतरनाक और अस्थिर करने वाली ताकतों में से एक के रूप में रहा है। दशकों से, इसकी धरती का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवाद, उग्रवाद और चरमपंथी विचारधारा के लिए लॉन्चपैड के रूप में किया जाता रहा है।

2018 में, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा था कि पाकिस्तान सरकार ने 2008 के मुंबई हमलों में भूमिका निभाई थी, जिसे पाकिस्तान स्थित इस्लामी आतंकवादी संगठन, लश्कर-ए-तैयबा ने अंजाम दिया था।

परवेज मुशर्रफ ने स्वीकार किया था कि उनकी सेना ने भारत शासित कश्मीर में भारत से लड़ने के लिए आतंकवादी समूहों को प्रशिक्षित किया था। उन्होंने कबूल किया कि सरकार ने आंखें मूंद लीं थीं, क्योंकि वह भारत को बातचीत में शामिल होने के लिए मजबूर करना चाहती थी, साथ ही इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाना चाहती थी।

कुछ ही दिन पहले, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने स्वीकार किया कि उनका देश तीन दशक से अधिक समय से आतंकवादी समूहों को समर्थन दे रहा है और उन्होंने इसे अमेरिका के नेतृत्व वाली विदेश नीति के निर्णयों से जुड़ी गलती बताया।

**वैश्विक स्तर पर आतंकवाद को बढ़ावा:**

**अफ़गानिस्तान :**

तालिबान और हक्कानी नेटवर्क हमले: पाकिस्तान की आईएसआई (इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस) को अफ़गान तालिबान और हक्कानी नेटवर्क का समर्थन करने तथा उन्हें धन, प्रशिक्षण और सुरक्षित पनाह देने को लेकर व्यापक स्तर पर दस्तावेज तैयार किये गये हैं।

ये समूह अफ़गान नागरिकों, सरकारी ठिकानों और अंतर्राष्ट्रीय सैन्य बलों पर कई घातक हमलों के लिए ज़िम्मेदार रहे हैं, जिनमें शामिल हैं – 2008 में काबुल में भारतीय दूतावास पर बमबारी और 2011 में काबुल में अमेरिकी दूतावास पर हमला।

वरिष्ठ पत्रकार कार्लोटा गैल ने अपनी पुस्तक में लिखा है, दूतावास पर बमबारी आईएसआई एजेंटों द्वारा अपनी मर्जी से की गई कार्रवाई नहीं थी। इसे पाकिस्तानी खुफिया विभाग के सबसे वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मंजूरी दी गई थी और इसकी निगरानी की गई थी।

**रूस :**

मॉस्को कॉन्सर्ट हॉल हमला (2024): अप्रैल 2025 में, मॉस्को आतंकी हमले की जांच में पाकिस्तान से जुड़े होने की बात सामने आई। रूसी अधिकारियों ने साजिश करने वाले की पहचान एक ताजिक नागरिक के रूप में की और वे पाकिस्तान के साथ उसके संबंधों की जांच कर रहे हैं। रिपोर्टों से पता चलता है कि हमलावरों को शायद पाकिस्तानी नेटवर्क से लॉजिस्टिक्स या वैचारिक समर्थन मिला था।

**ईरान :**

जैश उल-अदल हमले: पाकिस्तान स्थित सुन्नी चरमपंथी समूह जैश उल-अदल ने सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में ईरानी सुरक्षा बलों पर बार-बार हमला किया है। जवाब में, ईरान ने 16 जनवरी 2024 को पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिसमें जैश उल-अदल के ठिकानों को निशाना बनाया गया था।

सीमा पार उग्रवाद: ईरान ने नियमित रूप से पाकिस्तान पर सीमा पार हमले करने वाले सुन्नी आतंकवादियों को पनाह देने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहने का आरोप लगाया है।

**यूनाइटेड किंगडम :**

2005 लंदन बम विस्फोट: चार ब्रिटिश इस्लामिस्ट आतंकवादियों द्वारा 7 जुलाई 2005 को लंदन में हुए बम विस्फोट को अंजाम दिया गया था, जिन्हें पाकिस्तान में प्रशिक्षण दिया गया था और कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित किया गया था। हमलावरों में से तीन-मोहम्मद सिद्दीक खान, शहजाद तनवीर और जर्मेन लिंडसे- ने 2003 और 2005 के बीच पाकिस्तान में समय बिताये थे।

**पाकिस्तान के एबटाबाद में ओसामा बिन लादेन को पनाह**

2011 में पाकिस्तान के एबटाबाद में अल-कायदा सरगना ओसामा बिन लादेन को मारने वाली अमेरिकी ख़ुफ़िया कार्रवाई से पाकिस्तान के आतंकवाद विरोधी प्रयासों से जुड़ी प्रणालीगत विफलताएं उजागर हुईं। बिन लादेन पाकिस्तान की सैन्य अकादमी के पास एक परिसर में वर्षों तक बिना किसी पहचान के रह रहा था, जिससे आईएसआई की मिलीभगत का संदेह पैदा हुआ था।

**जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) की गतिविधियाँ**

पाकिस्तान की आईएसआई पर जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) को वित्तपोषित करने और प्रशिक्षण देने का आरोप है, जो एक प्रतिबंधित इस्लामी समूह है और जिस पर 2016 में ढाका में गुलशन कैफे हमले (20 बंधकों की हत्या) की जिम्मेदारी है। 2015 में, बांग्लादेशी अधिकारियों ने पाकिस्तानी राजनयिकों को जेएमबी के लोगों को धन हस्तांतरित करते रंगे हाथों पकड़ने के बाद निष्कासित कर दिया था।

2020 की एक खुफिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बांग्लादेश के कॉक्स बाजार शिविरों में 40 रोहिंग्या शरणार्थियों को जेएमबी के माध्यम से प्रशिक्षित करने में आईएसआई संलिप्त रहा है, जिसका उद्देश्य उन्हें घुसपैठ के जरिये भारत भेजना है। खाड़ी स्थित एनजीओ और पाकिस्तानी बिचौलियों के माध्यम से वित्त पोषित जेएमबी का नेटवर्क बांग्लादेश और भारत में फैला हुआ है, जिसके पश्चिम बंगाल और केरल जैसे राज्यों में स्लीपर सेल हैं। पाकिस्तान के खुफिया तंत्र के साथ जेएमबी के संबंध इस्लामाबाद द्वारा अंतरराष्ट्रीय छद्म कारवाई के कथित उपयोग को दर्शाते हैं, जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वियों को अस्थिर करना है।

**आतंकियों को पाकिस्तान प्रायोजित प्रशिक्षण:**

पाकिस्तान के इनकार के पीछे एक कठोर वास्तविकता है, एक सैन्य और खुफिया नेटवर्क ने सैनिकों को जिहादी प्रशिक्षकों में बदल दिया है, जो पूरे दक्षिण एशिया में दशकों से आतंक को बढ़ावा दे रहे हैं।

पाकिस्तान के पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा (पूर्व में एनडब्ल्यूएफपी), वजीरिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) जैसे प्रांतों में आतंकी प्रशिक्षण शिविरों का एक नेटवर्क है। लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) और आईएसआईएस-खोरासन जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा संचालित ये शिविर; कट्टरपंथी विचारधारा, हथियार प्रशिक्षण और आत्मघाती मिशन की तैयारी के केंद्र के रूप में काम करते हैं। पूर्व पाकिस्तानी सैन्यकर्मी अक्सर प्रशिक्षण में सहायता करते हैं और कार्रवाई को ज्यादा घातक बनाने के लिए सैन्य विशेषज्ञता प्रदान करते हैं।

आतंकवाद पर अमेरिकी विदेश विभाग की काउंटी रिपोर्ट 2019 ने पाकिस्तान की एक ऐसे देश के रूप में पहचान की थी, जो क्षेत्रीय स्तर पर केंद्रित कुछ आतंकवादी समूहों के लिए एक सुरक्षित ठिकाना बना हुआ है।

'पाकिस्तान सेना और आतंकवाद: एक अपवित्र गठबंधन' शीर्षक वाली एक रिपोर्ट में, यूरोपियन फाउंडेशन फॉर साउथ एशियन स्टडीज ने पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान, इसकी खुफिया एजेंसी-आईएसआई और कट्टरपंथी धार्मिक नेताओं के बीच गहरे संबंधों को उजागर किया है।

सितंबर 2019 में, ब्रिगेडियर शाह ने पाकिस्तानी निजी समाचार चैनल 'हम न्यूज' पर एक राष्ट्रीय टेलीविजन साक्षात्कार के दौरान एक चौंकाने वाला कबूलनामा किया। एक टॉक शो के दौरान पत्रकार नदीम मलिक से बात करते हुए, शाह ने माना कि पाकिस्तान ने आतंकी संगठन जमात-उद-दावा (जेयूडी) पर लाखों रुपये खर्च किए हैं, ताकि इसे मुख्यधारा में लाया जा सके।

एक साक्षात्कार में, मुशर्रफ ने स्वीकार किया कि कश्मीरियों को मुजाहिदीन के रूप में पाकिस्तान में प्रशिक्षित किया गया था, ताकि वे जम्मू और कश्मीर में भारतीय सेना के खिलाफ लड़ सकें। उन्होंने आगे बढ़कर जिहादी आतंकवादियों को पाकिस्तान का नायक बताया। उन्होंने यहां तक कहा कि ओसामा बिन लादेन, अयमान अल-जवाहिरी और जलालुद्दीन हक्कानी जैसे वैश्विक आतंकवादियों को पाकिस्तान में नायक माना जाता है।

## भारत से बेहतर संबंधों हेतु द्वार खुला

कनाडा के आम चुनावों में मार्क कार्नी के नेतृत्व में लिबरल पार्टी की जीत भारत से संबंधों में सुधार के नजरिये से बेहद महत्वपूर्ण है। चुनाव से पूर्व और चुनाव के दौरान कार्नी कहते रहे हैं कि आने वाले समय में भारत से बेहतर रिश्ते बनेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की दुराग्रह और पृथक्तावादियों के दबाव के चलते भारत कनाडा संबंध अपने सबसे बुरे दौर में पहुंच गए थे। कार्नी की जीत से उम्मीद जगी है कि दोनों देशों के संबंध फिर से पटरी पर लौटेंगे। दरअसल, एक अपरिपक्व राजनेता की तरह जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर प्रकरण को जिस तरह तूल दिया, उसके चलते दोनों देशों के संबंध बेहद खराब स्थिति में पहुंचे। हालांकि, भारत सरकार ने निज्जर प्रकरण में हाथ होने के दावों का दृढ़ता से खंडन किया था। लेकिन इसके बावजूद दोनों देशों के राजनीतिक, आर्थिक संबंध और लोगों के आने-जाने का उपक्रम बुरी तरह प्रभावित हुआ था। निस्संदेह, कार्नी का फिर सत्ता में लौटना संबंधों में सुधार का स्पष्ट संकेत है। वे अपने पूर्ववर्ती के विपरीत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित आर्थिक विशेषज्ञ, व्यावहारिक राजनेता और बयानों में संतुलन रखने वाले व्यक्ति हैं। दरअसल, हाल के चुनावों में उनका 'मजबूत कनाडा, मुक्त कनाडा' का नारा खूब चला। ट्रंप के टैरिफ वार और बार-बार कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने के बयानों ने कनाडा के लोगों में असुरक्षा का भाव भर दिया। कनाडाई जनमानस को पढ़ने में सक्षम कार्नी ने इस मुद्दे को हथियार बनाकर पार्टी की सत्ता में वापसी करा दी। अन्यथा कुछ समय पूर्व पार्टी के पराजय को लेकर दावे किए जा रहे थे। दरअसल, उन्होंने कनाडा को मजबूत करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को बहाल करने की बात कही ताकि घरेलू स्थिरता को मजबूत किया जा सके। निश्चित रूप से कार्नी का यह दृष्टिकोण व्यापारिक, रणनीतिक व लोगों को जोड़ने की दृष्टि से भारत के लिये महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा। एक सफल केंद्रीय बैंकर और अनुभवी निवेशक के रूप में कार्नी भारतीय बाजार से जुड़ने की आकांक्षा रखते हैं।

बहरहाल, कार्नी के कनाडा की सत्ता में वापसी और भारत विरोधी तत्वों के सिमटने से नये सिरे से व्यापार वार्ता शुरू करने, छात्र वीजा सुविधा के विस्तार और आव्रजन नीतियों में स्थिरता की उम्मीद जगी है। उनकी जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बधाई देने में मजबूत साझेदारी की उम्मीद झलकती है। हाल के वर्षो में दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट से हजारों भारतीय छात्रों और आप्रवासियों का भविष्य प्रभावित हुआ। वीजा में देरी, पढ़ाई के बाद काम की चिंता और कथित रूप से कटुतापूर्ण माहौल ने एक सपनों के गंतव्य स्थल की छवि को धूमिल ही किया। बदले हुए हालात में कार्नी प्रशासन को इस वर्ग को आश्वस्त करने के लिये तेजी से काम करना होगा। वह वर्ग जो कनाडाई अर्थव्यवस्था में अरबों का योगदान देता है तथा उसके कुशल कर्मियों की संख्या को बढ़ाता है। भारत को पिछली कटुता को भुलाकर बेहतर संबंधों हेतु उदारता का परिचय देना चाहिए। आने वाला वक्त बताएगा कि कार्नी प्रशासन खालिस्तानी उग्रवाद और प्रवासियों संबंधी कट्टरता जैसे संवेदनशील मुद्दों को कितने बेहतर ढंग से संभालता है। वैश्विक व्यवस्था में बदलाव और अमेरिकी राजनीति में अनिश्चितता के बावजूद भारत व कनाडा के बीच जलवायु संबंधी मुद्दों, शिक्षा और डिजिटल नवाचार में गहरी भागीदारी की संभावना पैदा हुई है। कार्नी की जीत के बाद दोनों देशों के रिश्तों में जमी बर्फ पिघलने की उम्मीद विश्वास में बदल सकती है। पूर्व बैंकर रहे कार्नी ने गत सोमवार को भारत व कनाडा के रिश्तों को बहुत महत्वपूर्ण बताया था, और भरोसा दिलाया था कि अगर वे दोबारा प्रधानमंत्री बनते हैं तो दोनों देशों के रिश्तों को बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे। साथ ही एक चैनल से कहा कि रिश्तों में जो तनाव पैदा हुआ वो हमारी वजह से नहीं हुआ। एक-दूसरे के प्रति सम्मान के साथ इसे फिर से बहाल करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं अपने अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि वैश्विक अस्थिर अर्थव्यवस्था के बीच भारत व कनाडा इसे नया रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 1 मई, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, वैशाख शुक्लपक्ष चतुर्थी, 11:28 तक, नक्षत्र : मृगशीर्षा, 14:24 तक, योग : अतिगंदा, 08:34 तक, सूर्योदय: 5:05, सूर्यास्त: 18:03, चन्द्रोदय : 07:54, चन्द्रास्त: 22:13, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 13:10 से 14:46

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों के लिए दिन आर्थिक रूप से अच्छा है। आपको धन लाभ होने की संभावना है। आपका मान-सम्मान भी बढ़ेगा। भलाई करने के चक्कर में भी आपको नुकसान हो सकता है।

**वृष :** वृषभ राशि के जातकों के लिए काम का बोझ अधिक रहेगा। ऑफिस में आपको अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। नौकरी करने वाले लोगों को कोई नया काम सौंपा जा सकता है।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए दिन सम्मान से भरा रहेगा। आपको कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। किसी प्रियजन से अचानक मुलाकात हो सकती है।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों के लिए दिन आर्थिक मामलों में अच्छा रहेगा। आपको सफलता मिलेगी और मनचाही तरक्की भी हासिल होगी। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे।

**सिंह :** सिंह राशि वालों को आर्थिक लाभ तो होगा, लेकिन मेहनत भी अधिक करनी पड़ेगी। आपको अपने आसपास क्या हो रहा है, इस पर ध्यान रखना होगा।

**कन्या :** कन्या राशि के जातकों के लिए दिन शुभ और अनुकूल है। धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। व्यापार में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**तुला :** तुला राशि वालों को आर्थिक लाभ होगा। कोई पुरानी उलझन सुलझ सकती है। अपनी मजबूरी या असमर्थता को स्पष्ट रूप से बता दें। ऐसा कोई संकेत न दें जिससे आपके रिश्ते खराब हों।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों को आर्थिक लाभ होगा। नई नौकरी या नया व्यापार शुरू करने के लिए अपने जान-पहचान वालों से मदद लें। कोई आपके लिए मददगार साबित हो सकता है।

**धनु :** धनु राशि वालों को हर काम बहुत सोच-समझकर करना होगा। जल्दबाजी न करें और अपने काम पर ध्यान दें। कोई आपके काम में बाधा डाल सकता है।

**मकर :** मकर राशि वालों के लिए दिन आर्थिक रूप से शुभ है। आपकी कोई पुरानी मनोकामना पूरी हो सकती है। किसी मामले को लंबा खींचने से बचें, इससे आपके खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों को धन और सम्मान में लाभ होगा। यदि आपको कोई नया पद या ओहदा मिल रहा है, तो उसे स्वीकार करने में देर न करें। यह आपके लिए तरक्की के रास्ते खोलेगा।

**मीन :** मीन राशि वालों को आर्थिक लाभ होगा। आपको किसी समारोह या पार्टी में जाने का मौका मिल सकता है। फिजूलखर्ची से बचें और दिखावे से दूर रहें।

# यूपी/बिहार/झारखंड

## बिहार : नीतीश ने जातिगत गणना का स्वागत किया, तेजस्वी ने इसे लालू की जीत बताया



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनगणना में जातिगत गणना को भी शामिल करने के केंद्र के फैसले का बुधवार को स्वागत करते हुए कहा कि इस निर्णय से देश में विकास को और गति मिलेगी। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने केंद्र के फैसले को समाजवादियों और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद की जीत बताया। कुमार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा, '' जाति जनगणना कराने का केंद्र सरकार का फैसला स्वागतयोग्य है। जाति जनगणना कराने की हमलोगों की मांग पुरानी है। यह बेहद खुशी की बात है कि केन्द्र सरकार ने जाति जनगणना कराने का निर्णय किया है।'' उन्होंने कहा, '' जाति जनगणना कराने से विभिन्न वर्गों के लोगों की संख्या का पता चलेगा जिससे उनके उत्थान एवं विकास के लिए योजनाएं बनाने में सहूलियत होगी। इससे देश के विकास को गति मिलेगी। जाति जनगणना कराने के फैसले के लिए माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी का अभिनंदन तथा धन्यवाद।'' बिहार के उप मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सम्राट चौधरी ने जातिगत गणना के फैसले का स्वागत करते हुए इसे 'ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, '' आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए आगामी जनगणना के साथ जातीय गणना भी कराने का निर्णय लिया है। इस युगांतकारी निर्णय के लिए मैं उनका कोटिशः आभार एवं अभिनंदन करता हूं।''

**(बड़ाबाजार के होटल में लगी भीषण आग) पृष्ठ 1 का शेषांश :** आगजनी की घटना में लोगों की मौत पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गहरा दुख जताया है। पीएम ने प्रत्येक मृतक के स्वजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि देने की घोषणा की है। पीएम के बाद ममता ने भी अग्निकांड में मृतकों के आश्रितों को राज्य सरकार की तरफ से दो-दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपये देने की घोषणा की है। ममता ने कहा कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। ममता ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि आग लगने की घटना के पीड़ितों के प्रति मेरी संवेदना है। मैंने रात भर बचाव और अग्निशमन कार्यों की निगरानी की और इलाके में अधिकतम दमकल सेवाओं को भेजने का निर्देश दिया।

*** होटल का फायर लाइसेंस तीन साल पहले हो चुका था समाप्त**

प्रारंभिक जांच में कई लापरवाही सामने आई है। होटल का फायर लाइसेंस तीन साल पहले ही समाप्त हो चुका था। होटल के कई हिस्सों का नगरपालिका की मंजूरी के बिना विस्तार किया गया था। होटल मालिक की तलाश में पुलिस ने हावड़ा में छापेमारी भी की।

### उप्र : शादी समारोह से लौट रहे दो युवकों की मोटरसाइकिल खाई में गिरी, दोनों की मौत

**बलरामपुर :** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे दो युवकों की मोटरसाइकिल एक खाई में गिरने से दोनों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) ज्योतिश्री ने बुधवार को बताया कि बेलवा सुल्तानजोत निवासी संजय यादव (24) और महेश (25) ललिया क्षेत्र में एक वैवाहिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने गए थे।

## हनुमानगढ़ी में सदियों पुरानी परंपरा टूटी, पीठ के महंत मंदिर से बाहर निकले



**अयोध्या :** सदियों पुरानी धार्मिक परंपरा से हटने के एक ऐतिहासिक एवं भावुक अवसर में अयोध्या के हनुमानगढ़ी मंदिर के पीठाधीश महंत प्रेम दास अक्षय तृतीय के अवसर पर पहली बार मंदिर परिसर से बाहर निकले। 300 से अधिक वर्षों में यह पहला ऐसा मौका है जब हनुमानगढ़ी का कोई महंत मंदिर परिसर से बाहर निकला है। नवनिर्मित राम मंदिर में जाने के लिए महंत प्रेम दास के नेतृत्व में शाही जुलूस निकला। इससे पूर्व महंत ने 52 बीघा का हनुमानगढ़ी परिसर अपने जीवनकाल में कभी नहीं छोड़ने की एक अटूट परंपरा शुरू की थी। हाथी, घोड़े और ऊंटों को लेकर गाजे बाजे के साथ निकले इस जुलूस में हजारों की संख्या में नागा साधु, श्रद्धालु और उनके शिष्य शामिल हुए। यह आध्यात्मिक यात्रा सरयू नदी के तट से शुरू हुई जहां महंत प्रेम दास और अन्य साधु संतों ने राम मंदिर में पूजा अर्चना से पूर्व पवित्र सरयू नदी में स्नान किया। हनुमानगढ़ी के महंत संजय दास ने कहा, इस परंपरा का 1737 से (288 साल) पालन किया जाता रहा है। महंत की भूमिका स्वयं को भगवान हनुमान को समर्पित करने की है। एक बार पीठ पर विराजमान होने के बाद वह इस मंदिर परिसर में ही जीता और मरता है।

## उप्र : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने अधिकारियों को भूमि से अतिक्रमण अविलंब हटाने का निर्देश दिया

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गरीबों की जमीन से अतिक्रमण तत्काल हटाने और दोषियों के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करने का अधिकारियों को बुधवार को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने चेतावनी दी कि कमजोर तबके का शोषण करने वाले लोगों को परिणाम भुगतने पड़ेंगे। गोरखनाथ मंदिर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर जनता दर्शन में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने दोहराया कि उनकी सरकार की प्रत्येक नागरिक के न्याय और समृद्धि के प्रति अटूट प्रतिबद्धता है। उन्होंने अधिकारियों से पारदर्शिता, निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आग्रह किया। योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनी। इनमें से एक महिला ने लंबे समय से जमीन के विवाद की जानकारी मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को दी। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। योगी आदित्यनाथ ने तुरंत अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया और आश्वस्त किया कि महिला को अविलंब न्याय मिलेगा। इस पर महिला ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। महिला ने यह भी कहा कि उसके पास घर वापस जाने का किराया नहीं है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा, ''आप चिंता ना करें, आपको घर वापस लौटने का किराया दिया जाएगा।'' योगी आदित्यनाथ ने मंदिर प्रबंधन को महिला को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पूर्व की तरह, कई लोगों ने इलाज के लिए वित्तीय सहायता मांगी जिस पर मुख्यमंत्री ने सरकार का पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि इलाज के खर्च का अनुमान तुरंत तैयार किया जाए और मंजूरी के लिए भेजा जाए।

### राजस्थान में भीषण गर्मी जारी, बाड़मेर में अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**जयपुर :** राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर जारी है, जहां बुधवार को बाड़मेर में अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार बाड़मेर में बुधवार को राज्य का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जैसलमेर में अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री, फलोदी में 45.4 डिग्री, बीकानेर-चित्तौड़गढ़ में 45 डिग्री, गंगानगर में 44.2 डिग्री, जोधपुर में 44 डिग्री, चूरू में 43.4 डिग्री, वनस्थली में 43.2 डिग्री सेल्सियस और अन्य प्रमुख स्थानों पर 42.8 डिग्री सेल्सियस से लेकर 38.2 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के सभी प्रमुख स्थानों पर मंगलवार रात का तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस से लेकर 22.5 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

## वर्ग पहेली नं. 3079



*बायें से दायें:-* 1) एक दो; धुँधला; संक्षिप्त, 2) वैरभाव, 4) अब के बाद, 5) लगे हाथ, 6) एक बटा दो; अर्धरिक्त, 7) चुस्ती, 8) राष्ट्र, 9) गदीला; कोमल, 11) पेंदा, 13) भाई, 14) तोता, 16) कृषिकर, 17) अंतर, 19) अच्छे बुरे का ज्ञान, 20) सीलन, 21) एक और उसका चौथा भाग, 23) बढ़ना, 25) कृष्ण, 27) स्वरआलाप, 28) ख़बर.

*ऊपर से नीचे:-* 1) चुग़ली; कानाफूसी, 2) उसी क्षण, 3) दर्शक; मज़मेबाज़, 4) प्रमाण; बुनियाद, 5) भूतकालीन, 6) तत्काल, 10) भोज्य पदार्थ का स्वाद बढ़ाने की सामग्री, 12) लालसा, 15) सप्ताहान्त, 18) निकटता, 21) सागर, 22) सामूहिक गायन, 23) प्रश्नपत्र, 24) एक धर्म-संस्थापक, 26) एक फल. *(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शु | ■ | ता | ड़ | ■ | ■ | पा | ठ | शा | ला |
| रू | ■ | ज | ■ | अ | च | ला | ■ | ह | वा |
| आ | ल | म | ■ | नु | क्क | ■ | ऐ | ■ | रि |
| ती | ■ | ह | ■ | रू | ■ | का | रा | वा | स |
| ■ | का | ल | या | प | न | ■ | व | ■ | ■ |
| आ | य | ■ | त | ■ | ■ | बा | त | ची | त |
| ना | म | ■ | ना | म | ज़ | द | ■ | ता | ब |
| का | ■ | ढे | ■ | र्दा | ■ | शा | म | ■ | दी |
| नी | चे | र | ख | ना | ■ | ह | त | ब | ल |

## सुडोकू-पहेली-3036

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 6 | | | | | 4 | |
| | | 1 | | | | 2 | | |
| | | | | | | 8 | 1 | |
| | | | | | | | | |
| | | 5 | | | 6 | 1 | | 2 |
| 8 | 9 | | 3 | | | | | |
| 4 | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | | 8 | | 5 | | |
| | | | | | 1 | | 8 | 6 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

●●●●

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3035 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 7 | 2 | 9 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 3 | 6 | 8 | 7 | 5 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 4 | 3 |
| 3 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 4 | 2 | 8 |
| 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 9 | 3 | 7 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 4 | 8 | 3 | 2 | 5 | 7 | 1 | 9 |
| 5 | 1 | 9 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 |

# ऋतुराज होटल अग्निकांड : 'होटल में सभी सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन किया गया', अधिकारियों का दावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मध्य कोलकाता के बड़ाबाजार स्थित एक होटल के अंदर लगी मामूली आग यहां हाल के दिनों में सबसे भीषण अग्नि त्रासदियों में से एक बन गई, जिसमें एक महिला और दो बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की जान चली गई। इस होटल का संचालन मूलभूत अग्निशमन प्रावधानों के बिना ही किया जा रहा था। अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि बड़ाबाजार के मछुआपट्टी इलाके में स्थित छह मंजिला ऋतुराज होटल में 50 अतिथि कमरे हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस



होटल का निर्माण 25 साल पहले हुआ था और इसके बनने के बाद से ही अग्नि सुरक्षा के सभी संभावित मानदंडों का उल्लंघन किया गया। पुलिस के अनुसार, होटल के 42 कमरों में 88 अतिथि ठहरे हुए थे, तभी मंगलवार की शाम करीब 7.30 बजे होटल की पहली मंजिल पर पूर्व दिशा वाले एक कमरे में आग लग गई।

हालांकि अग्निशमन कर्मियों ने आग को ऊपरी मंजिलों तक फैलने से रोक लिया, लेकिन काले घने धुएं ने तेजी से पूरे भवन को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे पूरा परिसर एक तरह से गैस चैंबर में तब्दील हो गया। स्वैच्छिक अग्निशमन कर्मी एवं पद्मश्री पुरस्कार विजेता बिपिन गणात्रा आग बुझाने और बचाव अभियान में अधिकारियों की सहायता करने के लिए होटल पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि यह स्पष्ट है कि कुछ लोग इमारत से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उस एक सीढ़ी के अलावा कोई अन्य वैकल्पिक रास्ता न होने के कारण उनका दम घुट गया। अन्य लोग स्वयं को अपने-अपने कमरों में बंद करके जान बचाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन धुएं के कारण उनका दम घुट गया।

## सुकांत मजूमदार ने अग्निकांड के बाद घटनास्थल का किया दौरा, ममता सरकार को घेरा

- **केंद्रीय मंत्री का आरोप... '15 लोगों की जान जाने के बावजूद मुख्यमंत्री जगन्नाथ मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम व्यस्त है'**



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने मध्य कोलकाता स्थित बड़ाबाजार के मछुआपट्टी इलाके में एक होटल में भीषण अग्निकांड की घटना के बाद बुधवार को घटनास्थल का दौरा किया। इस दौरान, सुकांत ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए उन पर असंवेदनशील होने का आरोप लगाया और कहा कि राज्य की राजधानी में एक अप्रिय घटना हुई, लेकिन उस दौरान भी वह पूर्व मेदिनीपुर जिले के दीघा में जगन्नाथ मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा ले रही थीं। मजूमदार ने कड़े शब्दों में कहा कि बड़ाबाजार के मछुआ इलाके में लगी भीषण आग ने 14 से अधिक निर्दोष लोगों की जान ले ली। कई और लोग जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। फिर भी, मुख्यमंत्री ने चुप रहना चुना और दीघा में अपने धार्मिक कार्यक्रम को जारी रखा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह उनकी सहानुभूति की कमी और उनके प्रशासन की विफलता को उजागर करता है। जब असहाय आम नागरिक आग की लपटों में फंसे हुए थे और दर्द में मर रहे थे, तब मुख्यमंत्री राजनीतिक लाभ के लिए धर्म का दोहन करने में व्यस्त थीं। उनका पूरे साल का तुष्टीकरण और चुनाव के समय धार्मिक दिखावा एक बार फिर शासन पर हावी हो गया है। मजूमदार ने राज्य भर के भाजपा कार्यकर्ताओं से तुरंत राहत कार्य शुरू करने और पीड़ित परिवारों को सहायता प्रदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा रहूंगा।

## ऋतुराज होटल अग्निकांड में जीवित बचे ओडिशा के अग्रवाल परिवार में अभी भी दहशत



- **ओडिशा का अग्रवाल दम्पति अपने दो बेटों और दो भतीजों के साथ घूमने के लिए आये थे कोलकाता**
- **नेहा की सूझबूझ से पति, बच्चों और भतीजे की बची जान,**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के एक होटल में मंगलवार को हुए भीषण अग्निकांड में जहां 15 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं ओडिशा से घूमने आई एक महिला ने साहस और सूझबूझ से अपने पति और भतीजे की जान बचाई। होटल की खिड़की का कांच तोड़कर तीनों पांचवीं मंजिल की संकरे कार्निस (छज्जा) पर पहुंच गए और लगभग दो घंटे तक दमघोंटू धुएं के बीच वहीं खड़े रहे। बाद में, दमकल कर्मियों ने उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। पता चला है कि ओडिशा निवासी नेहा अग्रवाल अपने पति आकाश अग्रवाल, दो बेटों और भाई के दो बच्चों के साथ छुट्टियां बिताने कोलकाता आई थीं। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल को परिवार ने मछुआ के फलपट्टी इलाके के होटल में पांचवीं मंजिल पर दो कमरे किराए पर लिए थे। मंगलवार की रात सभी को ओडिशा लौटना था। चेक-आउट का समय होने पर नेहा के दो बेटे और एक भतीजा नीचे चले गए थे, जबकि नेहा, उनके पति आकाश और 15 वर्षीय भतीजा लोकेश कमरे (नं. 405) में पैकिंग कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इसी दौरान होटल के रिसेप्शन से फोन आया कि नीचे आग लग गई है। तीनों ने कमरे का दरवाजा खोलकर बाहर निकलने की कोशिश की, लेकिन पूरा गलियारा काले धुएं से भर चुका था। मजबूरन उन्हें वापस कमरे में आकर दरवाजा बंद करना पड़ा। सांस लेने में परेशानी हो रही थी और बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं दिखाई दे रहा था। नेहा की नजर शौचालय की उस छोटी खिड़की पर पड़ी, जिसमें ग्रिल नहीं लगी थी। तीनों ने मिलकर खिड़की का कांच तोड़ा और धीरे-धीरे बाहर निकलकर कार्निस पर खड़े हो गए। वहां से लगभग दो घंटे तक वह मदद का इंतजार करते रहे। नेहा बताती हैं कि वह दो घंटे जैसे जान-लेवा थे, सांस रुक रही थी। लेकिन इस बात की तसल्ली थी कि हमारे परिवार के बाकी तीन सदस्य सुरक्षित हैं। सुरक्षित बचने के बाद से बुधवार दोपहर तक पूरा परिवार होटल के पास की एक दुकान में बैठा रहा। सभी की जान तो बच गई, लेकिन उनका सारा सामान अभी भी होटल के कमरे में ही पड़ा है। नेहा के मुताबिक, उन्हें नहीं पता कि सामान कब मिलेगा और वे कब ओडिशा लौट पाएंगे।

## अभिषेक बनर्जी ने ऋतुराज होटल अग्निकांड की घटना पर जताया दुख



**कोलकाता, समाज्ञा :** बड़ाबाजार के मछुआपट्टी इलाके में एक होटल में भीषण आग लगने से 15 लोगों की मौत की घटना पर तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि वह इस घटना से बेहद दुखी हैं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि शोकसंतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य प्रशासन, विभिन्न संगठनों के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर प्रभावित लोगों की सहायता करने और प्रभावी राहत एवं पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। इस कठिन घड़ी में हम प्रभावित सभी लोगों के प्रति अटूट एकजुटता जताते हैं और उनके साथ खड़े हैं।


महाराजा अग्रसेन धाम
Om Tower, 32, JL Nehru Road, 2nd Floor, Room-202, Kolkata-700071

अग्र मेधा सम्मान-2025

अग्रवाल समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं की उपलब्धि का मूल्यांकन करते हुए इस वर्ष भी स मारोहपूर्वक अग्र मेधा सम्मान से पुरस्कृत किया जाएगा। इस वर्ष की X-XII बंगाल बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत तथा दिल्ली बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले, या जिन विद्यार्थियों ने UPSC, MEDICAL, ENGG, CA, CS, MBA, M.COM अथवा अन्य किसी विधा में फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण की हो, कृपया मार्कशीट की कॉपी, माता-पिता का नाम, पता, मोबाइल नंबर व फोटो निम्न ईमेल आईडी या व्हाट्सएप नंबर पर भेजें।

आवेदन भेजने की अंतिम तारीख 31 मई 2025

maharajaagrasain@gmail.com
79801 09085

भव्य सम्मान समारोह
रविवार, 15 जून 2024
प्रात: 10.30 बजे
धनो धान्यो, कोलकाता

ओम जालान-अध्यक्ष | श्यामसुन्दर अग्रवाल-कोषाध्यक्ष | निर्मल सराफ-मंत्री
दिनेश अड़ूकिया-उपाध्यक्ष | अनिल केडिया-सह कोषाध्यक्ष | अशोक चूड़ीवाला-संयुक्त मंत्री
मुरारीलाल दीवान, भगवानदास अग्रवाल, दीपक अग्रवाल



The Chairman
Trustees and Management of
Kalyan Bharti Trust

Congratulate

The Faculty, Staff, Students, Parents, Alumni and Well-wishers for meeting its commitment towards the quest for excellence

The Heritage School, Eastern India's leading day-boarding School, established in 2001, is known for its outstanding infrastructure and experienced faculty. The School had now achieved yet another significant milestone in academic excellence.

"The journey of learning continues- with heart, hope, and purpose."

ISC TOPPERS 2025 — EIGHTEENTH BATCH



DIVYANSH GARG 99.75% Science



URSHITA KHEMKA 99.25% Commerce



NISHKA BAGARIA 98.75% Commerce



ALOKITA CHATTERJEE 98.5% Humanities

ICSE TOPPERS 2025 — TWENTIETH BATCH



MD. HAMZAH HASSAN 99.2%



MANNAT AGARWAL 99%



AHAN DE 98.6%



KRISHA BIDAWATKA 98.6%

TOTAL STUDENTS

| | ICSE 2025 | | ISC 2025 |
|---|---|---|---|
| Appeared | 179 | Appeared | 221 |
| Passed | 179 | Passed | 221 |
| 95% & above | 53 | 95% & above | 48 |
| 90% - 94% | 45 | 90% - 94% | 48 |
| 80% - 89% | 63 | 80% - 89% | 73 |
| 70% - 79% | 16 | 70% - 79% | 41 |
| below 70% | 02 | below 70% | 11 |

The School offers following academic qualifications
ICSE | ISC | IBDP | IGCSE | Cambridge Lower Secondary Curriculum
CISCE | ib Diploma Programme | Cambridge Assessment International Education — Cambridge International School

The Heritage School
A Co-educational, Inclusive Day-boarding School
(ISO 22000 : 2005 Certified)
994, Madurdaha, Chowbaga Road, Anandapur, Kolkata - 700 107
+91 33 66270555 | 9830022250 admissions@theheritageschool.org www.theheritageschool.org

Other Educational Initiatives : Heritage Institute of Technology www.heritageit.edu | Heritage Business School www.hbs.edu.in | The Heritage Academy www.tha.edu.in | Heritage Law College www.hlc.edu.in | The Heritage College www.thc.edu.in

# आईसीएसई और आईएससी के नतीजे घोषित, पश्चिम बंगाल में 99.09 प्रतिशत छात्र हुए सफल

**कोलकाता, समाज्ञा :** आईसीएसई और आईएससी-2025 के परीक्षा परिणाम बुधवार को जारी किए गए। इस साल पश्चिम बंगाल में 99.09 प्रतिशत छात्र परीक्षा में सफल हुए हैं। बोर्ड की तरफ से सभी स्कूलों को मार्कशीट भेज दी गई है। हालांकि, नियमों के अनुसार, इस साल बोर्ड द्वारा कोई मेरिट सूची जारी नहीं की गई है। इस साल आईसीएसई के लिए कुल 2,52,557 उम्मीदवार उपस्थित हुए थे, जिनमें से 1,34,700 लड़के और लड़कियों की संख्या 1,17,857 थी। पश्चिम बंगाल में आईसीएसई (कक्षा 10) परीक्षा में 98.76 प्रतिशत छात्र सफल हुए, जबकि आईएससी (कक्षा 12) में 98.75 प्रतिशत छात्र पास हुए। दोनों कक्षाओं में लड़कियां लड़कों से आगे हैं। पश्चिम बंगाल में आईसीएसई में 99.04 प्रतिशत लड़कियों ने बाजी मारी। वहीं, आईएससी में 99.38 प्रतिशत छात्राएं सफल हुईं। इस साल बंगाल में कुल 43,784 छात्रों ने आईसीएसई की परीक्षा दी थी, जिसमें से 24,056 लड़के और लड़कियों की संख्या 19,728 थी। आईएससी परीक्षा में इस साल राज्य में 27,804 उम्मीदवार शामिल हुए, जिसमें से 14,980 लड़के और लड़कियों की संख्या 12,824 थी। इसी प्रकार, आईएससी परीक्षा में इस साल कुल 99,551 छात्र शामिल हुए थे। इनमें लड़कों की संख्या 52,339 और लड़कियों की संख्या 47,212 थी। इनमें से 98,578 परीक्षार्थी पास हुए और सफतला की दर 99.02 प्रतिशत रही।

## अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन की बेटियों ने 26 वीं बार फहराया शत-प्रतिशत परिणाम का परचम




**हावड़ा :** विशिष्ट शिक्षाव्रती दिवंगत बासुदेव टीकमानी के प्रयासों से संस्थापित बेटियों की शिक्षा के अन्यतम स्वनामधन्य शिक्षण संस्थान ' अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन' की छात्राओं ने आई.सी.एस.ई एवं आई.एस.सी. 2025 की परीक्षा में शानदार सफलता का परचम लहराते हुए विद्यालय के विगत 26 वर्षों से शत- प्रतिशत परिणाम की परम्परा को बरकरार रखा है, इस वर्ष आई. एस.सी.ई. और आई.एस.सी. - 2025 की परीक्षा में विद्यालय की 545 छात्राएँ सम्मिलित हुई थीं, जिसमें आई.सी.एस.ई. में 353 छात्राएँ और आई.एस.सी. में 192 छात्राओं ने परीक्षा दी थीं।

इस वर्ष विद्यालय स्तर पर विज्ञान (सांइस) विभाग की छात्राओं में अंकिता सिंह 98 % अंक पाकर प्रथम, ईशाना मान्ना 97.75 % अंक पाकर द्वितीय और श्रेया जायसवाल 97.25 % अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं।

वाणिज्य (कॉमर्स) विभाग की दृष्टि ड्रोलिया 98 % अंक प्राप्त कर विद्यालय स्तर पर पहले स्थान पर रहीं, दूसरे स्थान पर रिद्धि जायसवाल 97.75 %, और प्रगति अग्रवाल 97.50 % लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

कला विभाग की अद्दिजा मुखर्जी 98.25 % प्राप्त कर प्रथम, मेधा सरकार 98 % द्वितीय, और रिशिका गुप्ता 96 % अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया।

आई.सी.एस.ई. में प्रथम स्थान रितिशा दत्ता 99 % अंक प्राप्त की, द्वितीय स्थान शुभेच्छा भट्टाचार्या 98.20 % और तृतीय स्थान आरूषि जायसवाल ने 98% अंकों के साथ अर्जित किया।

इसके अतिरिक्त विभिन्न विषयों में भी कई छात्राओं ने सौ में से सौ अंक प्राप्त किए है, जिनमें सोसियोलॉजी में अद्दिजा मुखर्जी और मेधा सरकार ने 100 % अंक प्राप्त की। कंम्प्यूटर में रितिशा दत्ता, शुभेच्छा भट्टाचार्या, आरूषि जायसवाल, स्नेहा कुमारी, अनन्या झाझरिया, शगुन गुप्ता, श्रेष्ठा दत्ता, आयोली पारूई, वंशिका बंसल, देबोप्रिया राय, स्वास्तिका प्रसाद ने 100 % अंक अर्जित किये हैं और इतिहास-भूगोल में 100% अंक रितिशा दत्ता, स्नेहा कुमारी और प्रास्मिता साहू ने अर्जित किए हैं।

सभी परीक्षार्थियों ने शानदार सफलता हासिल कर विद्यालय की सफलता का सिलसिला बरकरार रखा है।

इस अपार सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव ने इसे सभी शिक्षिकाओं की निष्ठा और छात्राओं की लगन का परिणाम बताया। विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल (देवरालिया) परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता जताते हुए पूरे विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई दी। विद्यालय के शिक्षा हितैषी नवीन टिकमानी ने इसे गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए विद्यालय प्रबंधन, छात्राओं व अध्यापिकाओं को बधाई दी व विद्यालय के निरंतर शैक्षणिक प्रगति के लिए अपनी शुभकामनाएँ दी।

## कलकत्ता पब्लिक स्कूल, बागुईआटी के छात्रों का आईसीएसई व आईएससी 2025 में शानदार प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** बागुईआटी स्थित कलकत्ता पब्लिक स्कूल ने आईसीएसई और आईएससी 2025 की परीक्षा में एक बार फिर अपनी एक्सीलेंट एकेडमिक ट्रैडिशन को बनाए रखते हुए शानदार परिणाम हासिल किए हैं। स्कूल मैनेजमेंट, प्रिंसिपल और टीचर्स ने आईसीएसई के 241 और आईएससी के 234 स्टूडेंट्स को इस सफलता के लिए बधाई दी है। आईसीएसई के टॉपर्स में श्रेष्ठदीप घोष (98.4%), दिवा दत्ता (98%), जयंती दास




(98%), ऋतोब्रत बनर्जी (97.4%), और देबारश्मि रॉय (97.2%) शामिल हैं। वहीं, आईएससी टॉपर्स में अलीशा रॉय (97.5%), अंकित शर्मा (97.5%), आर्या ऐश (96.25%), और अम्बा बुचा (95.5%) शामिल है। इसके अलावा कई विद्यार्थियों ने कुछ विषयों में पूरे 100 अंक हासिल किए हैं। आईसीएसई के श्रेष्ठदीप घोष ने इंग्लिश लिटरेचर, कंप्यूटर, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, ऋतोब्रत बनर्जी ने इंग्लिश लिटरेचर, कंप्यूटर, हिस्ट्री, दिवा दत्ता ने कंप्यूटर, हिस्ट्री, बायोलॉजी, शुभायू चक्रवर्ती ने मैथमेटिक्स, हिस्ट्री, निर्मलेन्दु कुमार विश्वास ने कंप्यूटर, बायोलॉजी, शैलजा पेंगोरिया-इंग्लिश लिटरेचर, जयंती दास ने हिस्ट्री, आर्यन कुमार राय ने हिस्ट्री, सौम्यजीत साहू ने हिस्ट्री, मोहम्मद अथर ने हिस्ट्री, देबारश्मि रॉय ने फिजिक्स, प्रिंस गुप्ता ने कंप्यूटर, स्वर्णदीप सरकार ने कंप्यूटर, मो. शबिब खान ने कंप्यूटर और आईएससी में अंकित शर्मा ने कंप्यूटर में पूरे 100 अंक हासिल किए हैं।

## एम. सी. केजरीवाल विद्यापीठ के विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत शानदार प्रदर्शन

**❑ राज्य स्तर पर राजदीप बनर्जी चतुर्थ और सौर्य दम्मानी पंचम स्थान पर**

**हावड़ा :** राज्य के सुविख्यात शिक्षण संस्थान लिलुआ स्थित एम.सी. केजरीवाल विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने इस बार भी आई.सी.एस.ई. और आई.एस.सी. की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सत- प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। विद्यालय ने लगातार 23वीं बार आई.सी.एस.ई. और 20वीं बार आई.एस.सी. के लिए क्रमशः 195 और 171 विद्यार्थियों ने परीक्षाएं दी और ये सभी विद्यार्थी उतीर्ण रहें। विद्यार्थियों की प्रतिभा का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आई.सी.एस.ई. में 99.40% अंक हासिल करके विद्यालय स्तर पर सर्वोच्च रहने वाले राजदीप बनर्जी ने राज्य स्तर (पश्चिम बंगाल) पर चौथा




स्थान प्राप्त किया जबकि आईएससी के कॉमर्स में सौर्य दम्मानी ने राज्य स्तर पर पंचम स्थान हासिल किया। विद्यालय स्तर पर आई.सी.एस.ई मे विशेष कोचर 98.80 % के साथ दूसरे और नैतिक जैन 98.40% के साथ तीसरे स्थान पर रहे हैं। इसी प्रकार आइ.एस.सी. के साइंस में हार्दिक हेडा (98.80%) प्रथम, आर्यवर्धन पांडे (98.80%) द्वितीय एवं अविरिद्ध पाठक (97.80%) तृतीय रहे। कॉमर्स में सौर्य दमानी (99%) ने प्रथम, रिशू कुमार सिंह (97.50%) ने द्वितीय और आर्यन कुमार करनानी एवं आदित्य अग्रवाल दोनों ने 97.25% अंकों के साथ विद्यालय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। ह्युमनिटीस में प्रतीक साव ने 90.50% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। आई.सी.एस.ई. में विद्यालय की ओर से परीक्षा देने वाले 195 विद्यार्थियों में से 65 ने 90% से ज्यादा 83 ने 80% से ज्यादा 34 ने 70% से ज्यादा और 13 ने 60% से ज्यादा अंक हासिल किए। जबकि आई.एस.सी. के लिए परीक्षा देने वाले विद्यालय के 171 विद्यार्थियों में साइंस के लिए 51 विद्यार्थियों में से 37 ने 90% से अधिक 12 ने 80% से अधिक और 2 ने 70% से अधिक अंक प्राप्त किए। कॉमर्स एवं ह्युमनिटीस के लिए परीक्षा देने वाले 120 विद्यार्थियों में से 25 ने 90% से अधिक 54 ने 80% से अधिक 29 ने 70% से अधिक और 12 ने 60%से अधिक अंक प्राप्त किए।

विद्यालय के चेयरमैन किशन कुमार केजरीवाल ने विद्यालय की इस शानदार उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए कहा कि यह विद्यालय द्वारा प्रदत्त गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सुविधाओं के साथ ही सभी विद्यार्थियों के लगनशील प्रयासों और शिक्षक शिक्षिकाओं की कठोर परिश्रम का प्रतिफल है। उन्होंने इसके लिए पूरे विद्यालय प्रबंधन व सफल विद्यार्थियों के अभिभावकों को अशेष शुभकामनायें दी।



**मारियास डे स्कूल के छात्र व हावड़ा के चिंतामणि डे रोड के निवासी लक्ष्य दधीच ने आईसीएसई की परीक्षा में हिन्दी में 93 मार्क्स एवं ओवरऑल 88 प्रतिशत लाया**

## केशव ने शानदार सफलता हासिल कर रौशन किया टीकमानी परिवार का नाम

**हावड़ा :** शिक्षा के प्रचार प्रसार विशेष कर बेटियों की शिक्षा के लिए अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन जैसे सर्वोत्तम शिक्षण संस्थान के संस्थापक महान शिक्षाव्रती दिवंगत बासुदेव टीकमानी के सुपौत्र केशव टीकमानी ने आज प्रकाशित आ-इएससी-2025 के परिणाम में शानदार सफलता हासिल कर अपने पूरे परिवार को गौरवान्वित किया है। केशव के पिता श्री नवीन टीकमानी ने बड़े हर्षित भाव से यह जानकारी देते हुए बताया कि ला मार्टिनियर फॉर ब्वायज के छात्र केशव ने श्रेष्ठ 4 विषयों के प्राप्तांक के आधार पर 97% अंक पाकर यह शानदार



सफलता हासिल की है। केशव ने अपनी इस सफलता के लिए अपने परिजनों के शुभाशीष व अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं के भरपूर सहयोग को श्रेय दिया है।

## आईसीएसई 2025 में ऑक्सफोर्ड हाई स्कूल का शानदार प्रदर्शन, 100% सफलता दर





**कोलकाता, समाज्ञा :** ऑक्सफोर्ड हाई स्कूल ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता को प्रमाणित करते हुए आईसीएसई 2025 परीक्षा में 100 प्रतिशत सफलता दर हासिल की है। इस प्रतिष्ठित विद्यालय से परीक्षा में सम्मिलित सभी छात्र सफल घोषित हुए हैं, जिससे पूरे विद्यालय में हर्ष और गर्व का माहौल है। इस वर्ष विद्यालय के टॉपर बने आर्यमन साव, जिन्होंने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। उनके पीछे सुप्रिया कुमारी रहीं, जिन्होंने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर रहे श्री सरकार, जिन्होंने 93.6 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इन मेधावी विद्यार्थियों ने अनुशासन, परिश्रम और समर्पण के बल पर यह सफलता अर्जित की है और दूसरों के लिए एक प्रेरणा बनकर उभरे हैं। विद्यालय प्रबंधन ने इस शानदार उपलब्धि के लिए सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी है। प्रबंधन ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का सामूहिक परिणाम है।

## हेरिटेज स्कूल में आईएससी परीक्षा में दिव्यांश गर्ग ने किया टॉप



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के प्रतिष्ठित हेरिटेज स्कूल ने आईसीएसई और आईएससी 2025 परीक्षाओं में शानदार शैक्षणिक प्रदर्शन कर एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित की है। आईएससी परीक्षा में दिव्यांश गर्ग ने 99.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया और सभी को गर्वित किया। दिव्यांश गर्ग आईएससी साइंस के छात्र हैं। इस वर्ष आईसीएसई में विद्यालय के सभी 179 छात्र सफल घोषित हुए, जिसमें से 53 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं 90 से 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 45 रही। इसके अतिरिक्त, 63 छात्रों ने 80 से 89 प्रतिशत और 16 छात्रों ने 70 से 79 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। दूसरी ओर, आईएससी परीक्षा में शामिल सभी 221 विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। इनमें से 48 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए, जबकि अन्य 48 विद्यार्थियों ने 90 से 94 प्रतिशत अंक हासिल किए। 80 से 89 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 73 रही, जबकि 70 से 79 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 41 रही।

## श्री जैन विद्यालय में हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा स्थित श्री जैन विद्यालय के सभागार में बुधवार को हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय 'परंपरा बनाम आधुनिकता' था। इसमें नौवीं तथा दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पक्ष एवं विपक्ष के दोनों सदनों के चार-चार प्रतिभागियों ने भाग लिया, प्रतिभागियों ने विषय के पक्ष और विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वर्तमान समय में अपनी परंपराओं के निर्वहन के साथ-साथ आधुनिकता की आवश्यकता एवं उसके महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत करने और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करने का अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम के अंत में निर्णायक मंडली के सदस्यगण डॉ. जगत नारायण सिंह एवं सरिता सिंह ने छात्रों के प्रयास की सराहना की तथा परंपरा के पक्ष में अपना मत व्यक्त करने वाली टीम को विजयी घोषित किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक संतोष कुमार तिवारी, संजय सिंह, अनामिका तिवारी, रामपुकार शर्मा, प्राणवेश कुमार मिश्रा, दीपशिखा तिवारी, भावना सिंह, प्रियंका गुप्ता, मोमिता दास आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही। अंत में, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका इंदु जोसेफ चौधरी ने छात्रों को संबोधित करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की तथा विजयी टीम के प्रतिभागियों को अपने कर कमलों से पुरस्कृत किया। सफल संचालन शिक्षक प्रतिनिधि संतोष कुमार तिवारी ने किया।

## कोलकाता स्थित द हेरिटेज कॉलेज में 'ईकोनोवा 2025' का भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के द हेरिटेज कॉलेज द्वारा दो दिवसीय 'ईकोनोवा 2025' का सफल आयोजन किया गया। 29 और 30 अप्रैल को आयोजित यह कॉलेज का प्रमुख इकोनॉमिक्स फेस्ट था, जिसमें पूरे बंगाल के लगभग 50 कॉलेजों के छात्रों ने भाग लेकर इसे एक भव्य सफलता में बदल दिया। इस आयोजन का उद्देश्य अर्थशास्त्र, नवाचार और सतत विकास जैसे समकालीन विषयों पर विचार-विमर्श को प्रोत्साहित करना था। इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण, प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री डॉ. सैबल कर (आरबीआई चेयर प्रोफेसर, सेंटर फॉर स्टडीज इन सोशल साइंसेज, कोलकाता) ने आर्थिक विकास और भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियां विषय पर अपनी बात रखी। इसी विषय पर आयोजित एक विद्वत्तापूर्ण पैनल चर्चा में प्रो. (डॉ.) अनूप सिन्हा (पूर्व प्रोफेसर, आईआईएम कोलकाता), डॉ. अजीतावा राय चौधरी (प्रोफेसर



एमेरिटस, आदमस यूनिवर्सिटी), डॉ. बिश्वजीत मंडल (सेंटर फॉर स्टडीज इन सोशल साइंसेज, कोलकाता) और डॉ. सहाना रॉय चौधुरी (प्रोफेसर, आईएमआई कोलकाता) ने भाग लिया। कॉलेज के निदेशक प्रो. बासब चौधरी ने छात्रों के उत्साह और आयोजन की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, ईकोनोवा हमारी समर्पित सोच, नवाचार और अकादमिक उत्कृष्टता का प्रतीक है। वहीं, प्रो. सौविक भट्टाचार्य, प्रिंसिपल एडवाइजर, हायर एजुकेशन, हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने स्टेम शिक्षा के अंतर्गत मानव समस्याओं के लिए विकसित नवीन समाधानों पर प्रकाश डाला। हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा, ईकोनोवा 2025 केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि विचारों, जुनून और उद्देश्य की एक आंदोलन था। हमारे छात्रों ने यह सिद्ध कर दिया कि अर्थशास्त्र का भविष्य निडर और सक्षम हाथों में है।

## सियालदह मंडल ने लेवल क्रॉसिंग गेट्स पर सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन की अपील

**✒ बीते चार महीनों में आरपीएफ ने सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले 59 लोगों को गिरफ्तार किया**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे अंतर्गत सियालदह मंडल लेवल क्रासिंग पर सुरक्षा नियमों के उल्लंघन को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। वर्ष 2025 के पहले चार महीनों (जनवरी से अप्रैल) में, सियालदह मंडल के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे अधिनियम की धारा 160(2) के तहत सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले 59 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। सियालदह मंडल ने सभी नागरिकों और यात्रियों से लेवल क्रासिंग गेट्स पर अत्यंत सावधानी बरतने और नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन रेलवे अधिनियम के तहत एक दंडनीय अपराध है। गेट बैरियर से टकराने जैसी घटनाएं घातक दुर्घटनाओं का कारण बन सकती हैं, जिससे आपकी और दूसरों की जान को खतरा होता है। यह रेलवे सेवाओं की समयबद्धता को भी प्रभावित करता है, जिससे अनगिनत यात्रियों को असुविधा होती है। सुरक्षा के लिए निम्नलिखित नियमों का पालन करने की अपील की गई है, जिसमें हमेशा गेट पूरी तरह से खुलने तक धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा करें। कभी भी बंद गेट के नीचे से, उसके चारों ओर से या जबरन पार करने की कोशिश न करें। लेवल क्रासिंग पर दिए गए संकेतों और चेतावनियों पर पूरा ध्यान दें।

## पूर्व रेलवे ने गर्मी में यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई विशेष ट्रेनें, 2 लाख से अधिक बर्थ उपलब्ध

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने गर्मी की छुट्टियों में बढ़ती यात्रियों की भीड़ को देखते हुए समर स्पेशल ट्रेनों की व्यापक श्रृंखला शुरू की है। इन ट्रेनों के जरिए देशभर के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त सीटें और बर्थ की व्यवस्था की गई है। सियालदह, हावड़ा, कोलकाता, आसनसोल और मालदह टाउन जैसे प्रमुख स्टेशनों से कुल 19 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इन सेवाओं के माध्यम से अब तक 46,852 सामान्य द्वितीय श्रेणी की सीटें और 2,07,600 स्लीपर व एसी क्लास की बर्थ उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। इन विशेष ट्रेनों में 01145/01146 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-आसनसोल, 03043/03044 हावड़ा-रक्सौल, 03011/03012 हावड़ा-आनंद विहार, 03045/03046 हावड़ा-रक्सौल, 03135/03136 कोलकाता-पटना, 03131/03132 सियालदह-गोरखपुर, 03007/03008 हावड़ा-खातीपुरा, 03027/03028 हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी, 03105/03106 सियालदह-जगीरोड, 03101/03102 कोलकाता-पुरी, 03435/03436 मालदह टाउन-आनंद विहार, 03413/03414 मालदह टाउन-दिल्ली, 03417/03418 मालदह टाउन-उधना, 04153/04154 कानपुर सेंट्रल-कोलकाता, 02024/02023 पटना-हावड़ा, 05932/05931 डिब्रूगढ़-कोलकाता, 05639/05640 सिलचर-कोलकाता, 06565/06566 एसएमवीबी बेंगलुरु-मालदह टाउन और 03465/03466 मालदह टाउन-दीघा शामिल है। पूर्व रेलवे की यह पहल यात्रियों को सुरक्षित, समयबद्ध और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में वार्ड 24 में पेयजल वितरण



**कोलकाता, समाज्ञा :** वार्ड 24 में पी. के. टैगोर स्ट्रीट व्यवसाय समिति द्वारा बुधवार को भगवान परशुराम जयंती एव अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर मध्य बाजार में राहगीरों के बीच शीतल पेयजल का वितरण किया गया। इस कार्य मे स्थानीय पार्षद ईलोरा शाह भी उप-स्थित रही एवं राहगीरों को शीतल पेयजल वितरण किया। इसके साथ ही पूर्व पार्षद मृणाल साहा, अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश अग्रवाल, मुख्य संयोजक सनी गुप्ता, उपाध्यक्ष बच्चू पांडे एव अन्य वरिष्ठ कमेटी मेंबर्स लालचंद गुप्ता, बालमुकुंद सहाय, गोपाल गुप्ता, तपन कुंडू, गुनासिंधु घोष, शक्ति स्वाइन, सुमंतो घोष आदि उपस्थि रहे।

## पूर्व रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने बेहाला में शतरंज अकादमी 'लक्ष्य' का किया उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन (ईआरएसए) ने बेहाला स्थित ईस्टर्न रेलवे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अत्याधुनिक शतरंज अकादमी लक्ष्य का भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक एवं ईआरएसए के संरक्षक मिलिंद देउस्कर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि ईस्टर्न रेलवे महिला कल्याण संगठन (एठथथज) की अध्यक्षा सीमा देउस्कर विशेष अतिथि के रूप में समारोह में शामिल हुईं। दोनों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर शतरंज अकादमी का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में अतिरिक्त महाप्रबंधक सुमित सरकार, प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी (सिस्टम) एवं ईआरएसए अध्यक्ष सत्यकी नाथ, प्रमुख मुख्य अभियंता सहित रेलवे



के वरिष्ठ अधिकारी एवं कई प्रतिष्ठित ग्रैंडमास्टर्स की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। सीमा देउस्कर ने लक्ष्य अकादमी की स्थापना को शतरंज प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने वाली पहल बताते हुए इसकी सराहना की। अपने संबोधन में मिलिंद देउस्कर ने शतरंज के बौद्धिक व रणनीतिक पक्ष को रेखांकित करते हुए कहा कि यह अकादमी उभरते खिलाड़ियों के लिए न केवल प्रशिक्षण का केंद्र बनेगी, बल्कि प्रेरणा और उत्कृष्टता का भी प्रतीक होगी। उन्होंने अकादमी के सतत विकास के लिए कई सुझाव भी दिए। ईआरएसए के अध्यक्ष सत्यकी नाथ ने अकादमी की दृष्टि, उद्देश्य और कार्य योजना को साझा करते हुए बताया कि लक्ष्य का उद्देश्य जमीनी स्तर पर शतरंज को बढ़ावा देना और नई प्रतिभाओं को निखारना है।

## हावड़ा मंडल ने पूरे किए 100 साल, एकता मार्च और वृक्षारोपण के साथ मनाया शताब्दी समारोह

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को रामपुरहाट संस्थान और उसके आसपास के परिसंचरण क्षेत्र में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के नेतृत्व में आयोजित इन आयोजनों का उद्देश्य न केवल मंडल की ऐतिहासिक उपलब्धियों को सम्मान देना था, बल्कि समाज में एकता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक सहभागिता को भी प्रोत्साहित करना रहा। इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई। जिसमें रेलवे अधिकारी, स्थानीय छात्र और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने मिलकर एकता, सांस्कृतिक विरासत और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का संदेश दिया। इसके बाद हावड़ा मंडल की 100 वर्षों की सेवा यात्रा, उपलब्धियों और विकास कार्यों पर आधारित सूचनात्मक पर्चे भी वितरित किए गए। इस अवसर पर पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने संस्थान परिसर में पौधे लगाए। कार्यक्रम का समापन स्वच्छता अभियान के साथ हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने परिसर को स्वच्छ कर स्वच्छ भारत अभियान को बल दिया। इस पूरे आयोजन ने न केवल हावड़ा मंडल की गौरवशाली विरासत को रेखांकित किया, बल्कि सामाजिक जुड़ाव और जन-जागरूकता की मिसाल भी पेश की।

# दीघा में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर का मुख्यमंत्री ममता ने किया लोकार्पण



❑ **250 करोड़ रुपये की लागत से 20 एकड़ भूमि पर किया गया है मंदिर का निर्माण**

❑ **ममता की घोषणा... 'प्रसाद और श्री जगन्नाथ देव की तस्वीरें राज्य में हर घर तक पहुंचाई जाएगी'**

**पूर्व मेदिनीपुर :** बंगाल सरकार की तरफ से पुरी की तर्ज पर पूर्व मेदिनीपुर जिले के समुद्र तटीय पर्यटन शहर दीघा में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर का बुधवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकार्पण किया। लोकार्पण से पहले मंदिर के गर्भगृह में देवी-देवताओं भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियों की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद, दोपहर में ममता ने मंदिर का कपाट आम लोगों के दर्शन के लिए खोल दिया। लोकार्पण समारोह में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के सांसदों, विधायकों व मंत्रियों से लेकर फिल्मी सितारे, उद्योगपतियों सहित बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट जन उपस्थित रहे। राज्य सरकार के आमंत्रण पर वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप घोष भी पत्नी संग शाम में जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ दीघा मंदिर पहुंचे, जहां ममता ने उनका स्वागत किया। ममता सरकार की तरफ से नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार सहित अन्य दलों के नेताओं को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन वे लोग नहीं पहुंचे। दीघा में समुद्र किनारे लगभग 20 एकड़ भूमि पर जगन्नाथ मंदिर का निर्माण किया गया है। इसके लिए राजस्थान के बंसी पहाड़पुर से लाए गए लाल बलुआ पत्थर का उपयोग किया गया है। राज्य सरकार ने इसे जगन्नाथ धाम नाम दिया है। ममता सरकार का दावा है कि लगभग 250 करोड़ रुपये की लागत से मंदिर का निर्माण किया गया है। यह ओडिशा के पुरी स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर की प्रतिकृति है। मंदिर के लोकार्पण के अवसर पर ममता ने घोषणा की कि भगवान जगन्नाथ का प्रसाद और तस्वीर राज्य में हर घर तक पहुंचाई जाएगी। ममता ने तीन वर्षों में इस मंदिर का निर्माण करने वाले श्रमिकों और इंजीनियर को भी धन्यवाद दिया। ममता ने कहा कि मैं इस मंदिर को मां-माटी-मानुष को समर्पित करती हूं। यह मंदिर सभी के लिए खुला रहेगा। मंदिर के संचालन व रखरखाव की जिम्मेदारी इस्कान को सौंपी गई है, जो यहां रोजाना महाभोग प्रसाद का भी वितरण करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में यह मंदिर एक प्रमुख तीर्थस्थल के रूप में विकसित होगा। उन्होंने जोर दिया कि यह मंदिर अगले कई हजार वर्षों तक लोगों के समागम स्थल के रूप में काम करेगा।

❑ **पुरी की तरह दीघा मंदिर में भी हर दिन फहराया जाएगा ध्वज, ममता ने सोने का झाड़ू भी सौंपा**

ममता ने कहा कि पुरी मंदिर की तरह दीघा जगन्नाथ मंदिर के ऊपर भी हर शाम ध्वज फहराया जाएगा। ममता ने दीघा मंदिर में ध्वजा फहराने वालों को 10 लाख का जीवन बीमा देने की भी घोषणा की। ममता ने कहा कि भगवान विष्णु के आठ तत्वों का नीला चक्र मंदिर के शीर्ष पर स्थापित किया गया है। मंदिर में चार प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। मंदिर में पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण यानी सभी चारों दिशाओं से प्रवेश किया जा सकता है। मुख्य द्वार से प्रवेश करने के बाद अरुण स्तंभ है, फिर सिंह द्वार और उसके ठीक सामने व्याघ्र द्वार है। मंदिर में हस्ति द्वार और अश्व द्वार भी हैं। मंदिर परिसर के चारों ओर पांच सौ से अधिक पेड़ भी लगाए गए हैं। लोकार्पण के दिन शाम में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित लेजर शो और डायनामिक लाइट शो भी हुआ, जो आकर्षण का केंद्र रहा। ममता ने मंदिर को सोने का झाड़ू भी सौंपा। ममता ने झाड़ू तैयार करने के लिए पहले ही पांच लाख एक रुपये दिया था।

❑ **लगभग 65 मीटर ऊंचा है मंदिर**

लगभग 65 मीटर ऊंचा यह मंदिर जटिल नक्काशी और पारंपरिक डिजाइन का मिश्रण है। पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर की तरह दीघा मंदिर को भी गर्भगृह विमान, जगमोहन, नट मंदिर (नृत्य कक्ष) और भोग मंडप नामक चार मंडपों में विभाजित किया गया है जो इतिहास और परंपरा से समृद्ध हिंदू आस्था की जीवंत झलक दिखाते हैं। प्राचीन पुरी जगन्नाथ मंदिर की मूर्तियों की तरह ही दीघा मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की मूर्तियां स्थापित की गई हैं, जिसे पत्थर से तराशा गया है। पुरी की तरह इन मूर्तियों के पीछे नीम की लकड़ी से बनी मूर्तियां भी हैं। ममता ने मंदिर के गर्भगृह में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की मूर्तियों की पहली झलक देखी, जिसे उन्होंने अपने जीवन का अविस्मरणीय क्षण बताया।

❑ **तृणमूल ने पूरे राज्य में वचुर्अल माध्यम से लोकार्पण समारोह को दिखाया**

तृणमूल के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर सभी जिलों में पार्टी की स्थानीय इकाइयों द्वारा बड़े पैमाने पर बड़ी एलईडी स्क्रीन पर जगन्नाथ मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाइव दिखाने की व्यवस्था की गई।

## बंगाल का सियासी पारा गर्माया, दिलीप घोष ने पत्नी के साथ दीघा में जगन्नाथ मंदिर का किया दर्शन, मुख्यमंत्री से भी की मुलाकात



**पूर्व मेदिनीपुर :** प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सांसद दिलीप घोष ने बुधवार को दीघा में जगन्नाथ मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर ममता बनर्जी के साथ मुलाकात की। दिलीप घोष अपनी पत्नी के साथ ममता बनर्जी के बगल में बैठे। दिलीप घोष की मुलाकात से राज्य की सियासत गरमा गई है। दिलीप घोष जब मंदिर में प्रवेश कर रहे थे तब राज्य मंत्री अरुप बिस्वास उनके साथ थे। कुणाल घोष भी वहां मौजूद थे। दिलीप घोष अपनी पत्नी रिंकू मजूमदार के साथ सीधे मंदिर में गए। जगन्नाथ मूर्ति के दर्शन किये। बात यहीं खत्म नहीं हुई, ममता बनर्जी ने खुद दिलीप को मंदिर परिसर के एक कमरे में बुलाया। ममता, दिलीप और रिंकू सोफे पर एक-दूसरे के बगल में बैठे थे। उन लोगों ने कुछ देर तक बातचीत की। ममता के कमरे में पहुंचते ही दिलीप घोष ने पूछा कि कब आईं? ममता ने कहा कि ऐसा दोबारा मत कहिएगा, मैं तीन दिन से बैठी हूं। दिलीप घोष कहा कि यह देखकर खुश हैं कि मंदिर इतने बड़े क्षेत्र में बनाया गया है। उन्होंने कहा कि मंदिर बड़ा हो गया है। लोगों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। हमारे देश में मंदिर इतने छोटे होते जा रहे हैं। ममता उनके पास बैठी और उन्हें बताया कि वह कैसे सब कुछ संभाल रही है। उन्होंने दिलीप घोष को यह भी बताया कि किस तरह उन्होंने मंगलवार को भीषण गर्मी में यज्ञ में आहुतियां दीं, लेकिन ममता बनर्जी और दिलीप घोष की मुलाकात से राज्य की सियासत गरमा गई है।

### सौमित्र खां व अन्य नेताओं ने कसा तंज

सौमित्र खां और अनुपम हाजरा समेत कई लोगों ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व जनप्रतिनिधि के खिलाफ बोलना शुरू कर दिया है। बिष्णुपुर से भाजपा सांसद सौमित्र ने सोशल मीडिया पर दिलीप पर हमला करते हुए लिखा कि दिलीप बाबू, आप एक आदर्श उदाहरण हैं कि कैसे एक उद्धारकर्ता से भक्त बनना है। उन्होंने यह भी लिखा कि यह चिंता की बात है कि कोई इतना 'आदर्श' आदमी होने के बावजूद कितना बेशर्म हो सकता है। आप बंगाल भाजपा की शर्म हैं। पूर्व सांसद व भाजपा नेता अनुपम ने भी दिलीप का मजाक उड़ाते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और लिखा कि दिलीपदा, आपकी अभी-अभी शादी हुई है। अब आपके चिल करने का समय है तो बस चिल करें।

### दिलीप-ममता की मुलाकात से भाजपा ने झाड़ा पल्ला, सुकांत व शुभेंदु ने जताया असंतोष

दिलीप-ममता की मुलाकात पर प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार से लेकर विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी तक दोनों की प्रतिक्रियाओं में असंतोष स्पष्ट किया है। दिलीप घोष का नाम लिए बगैर शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि मैं किसी के व्यक्तिगत व्यवहार पर टिप्पणी नहीं करूंगा। कौन क्या नहीं करेगा, क्या कहेगा, क्या नहीं कहेगा। मैं केवल एक व्यक्ति के वक्तव्यों का जवाब देता हूं, एक व्यक्ति के वक्तव्यों का खंडन करता हूं, एक व्यक्ति के वक्तव्यों में खामियां बताता हूं, तथा एक व्यक्ति के झूठ का विरोध करता हूं। उसका नाम ममता बनर्जी है। दिलीप का नाम लिए बिना उन्होंने स्पष्ट कटाक्ष किया कि मैं किसी की निजी बातें, उनकी टिप्पणियां, उनके चलने का तरीका, उनके काम करने का तरीका, प्यार, स्नेह, गुस्सा, अलगाव, जलन, इन सबका जवाब नहीं देता। मैं इसे भविष्य में भी नहीं दूंगा। दूसरी तरफ, सुकांत मजूमदार ने स्पष्ट किया कि पार्टी जगन्नाथ धाम के उद्घाटन समारोह में दिलीप के आने को मंजूरी नहीं दे रही है। सुकांत ने कहा कि पार्टी का माननाहै कि मुर्शिदाबाद में जिस तरह से हिंदुओं को पीटा गया, मंदिरों को तोड़ा गया और घरों को जलाया गया, उसके बाद वहां (दीघा जगन्नाथ धाम) जाना उनकी अवहेलना करना है। इसलिए भाजपा ने निर्णय लिया कि हममें से कोई भी उद्घाटन समारोह में नहीं जायेगा। वह व्यक्तिगत रूप से गए थे। सुकांत ने यहीं नहीं रुकते हुए 'महत्वपूर्ण' टिप्पणी की कि मैंने सुना है कि उनकी पत्नी को भी व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया गया था।

### राजारहाट में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में भाजपा कार्यकर्ता गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राजारहाट थाना अंतर्गत चांदपुर ग्राम पंचायत क्षेत्र के शिखरपुर अरबेलिया में एक भाजपा कार्यकर्ता पर नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है। आरोपी का नाम आलोक मंडल है। पुलिस ने आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गत 28 अप्रैल को आरोपी आलोक मंडल नशे की हालत में नाबालिग के घर में घुस गया और जब वह अकेली थी तो उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। घटना के समय नाबालिग के परिवार के सदस्य घर से अनुपस्थित थे। बाद में, पीड़ित परिवार ने राजारहाट पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आलोक मंडल पहले भी घरेलू हिंसा के एक मामले में शामिल था। कथित तौर पर, कुछ वर्ष पहले, उसे अपनी पत्नी को जलाकर मार डालने का दोषी ठहराया गया था और उसे लगभग दस वर्ष जेल में बिताने पड़े थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति को बुधवार को बारासात अदालत में पेश किया जाएगा। घटना के कारण इलाके में तनाव फैल गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

### मां फ्लाईओवर पर सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** मां फ्लाईओवर पर बुधवार को सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना के बाद शव करीब 40 मिनट तक सड़क पर पड़ा रहा। बाद में, शव बरामद कर लिया गया और उसे ले जाया गया। बताया जा रहा है कि इस दिन, सुबह में एक बाइक सवार पार्क सर्कस फ्लाईओवर के ऊपर से गुजर रहा था। पार्क सर्कस से साइंस सिटी जाने वाली सड़क पर बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सवार गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि फ्लाईओवर पर बाइक तेज गति से चल रही थी। वह संभवतः मोबाइल फोन पर बात करते हुए बाइक चला रहा था। उसने हेलमेट भी नहीं पहना था। उसी समय बाइक का पहिया फिसल गया। गति इतनी तेज थी कि बाइक दुर्घटनास्थल से करीब 200 मीटर दूर उछल गई। तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग वहां पहुंचे। पुलिस को भी सूचित किया गया। कथित तौर पर, दुर्घटना के बाद शव 40 मिनट तक सड़क पर पड़ा रहा। बाद में, पुलिस ने जाकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव इतने समय तक ऐसे ही क्यों पड़ा रहा? यह प्रश्न उठ खड़ा हुआ है। मृतक की पहचान के प्रयास जारी हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

## आरजी कर कांड : हाई कोर्ट ने पीड़िता के परिवार से मांगा हलफनामा, सीबीआई से रिपोर्ट तलब

### न्यायमूर्ति घोष ने 16 मई तक रिपोर्ट पेश करने का दिया हैं आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नया मोड़ आया है। इस बार, मृतक के परिवार ने 13 डॉक्टरों के मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट पर अपना अविश्वास सीधे कलकत्ता हाई कोर्ट में व्यक्त किया। परिवार का दावा है कि विशेषज्ञों ने रिपोर्ट की जांच की है और इसमें कई त्रुटियां पाई हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने परिवार के आरोपों के जवाब में बुधवार को सीबीआई से रिपोर्ट तलब किया। इसके अलावा, मृतक डाक्टर के परिवार को एक हलफनामे के रूप में 'अविश्वास और त्रुटियों' के बारे में हाई कोर्ट को सूचित करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति घोष ने




16 मई तक रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई उसी दिन होगी। दरअसल, आरजी कांड की सीबीआई जांच से पीड़ित परिवार संतुष्ट नहीं है। उन्होंने आगे की जांच की मांग करते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया है। पीड़ित के माता-पिता ने सर्वोच्च न्यायालय की अनुमति से मार्च में हाई कोर्ट में न्यायमूर्ति घोष की पीठ का ध्यान इस ओर आकर्षित किया था। दरअसल, शुरू से ही उन्होंने सिविक वालंटियर संजय रॉय के अलावा कई आरोपियों का जिक्र किया था। लेकिन, सीबीआई जांच में केवल संजय को ही आरोपी बनाया गया। इसके बाद, पीड़ित परिवार ने सीबीआई के आरोपपत्र पर अविश्वास जताते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। हालांकि, चूंकि, मूल मामला (शीर्ष अदालत द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर दायर किया गया मामला) सर्वोच्च न्यायालय में लंबित था, इसलिए उच्च न्यायालय सर्वोच्च न्यायालय की अनुमति के बिना जांच याचिका पर सुनवाई नहीं करना चाहता था। इसके तुरंत बाद, पीड़ित परिवार ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

## कंपनी से 53 लाख रुपये गबन के आरोप में सीनियर मैनेजर गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के डोमजूर थाना इलाके में कंपनी से 53 लाख रुपये गबन करने के आरोप में एक सीनियर मैनेजर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त का नाम अभिषेक मित्रा (38) है। बुधवार को पुलिस ने आरोपी को हावड़ा अदालत में पेश किया। बताया गया है कि एक निजी कंपनी पर एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में विभिन्न गोदामों में कर्मचारियों को नियुक्ति और उनके रखरखाव के लिए जिम्मेदार थी। अभिषेक मित्रा कंपनी के डोमजूर ऑफिस में सीनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। वह लगभग छह साल पहले नौकरी में शामिल हुए थे। फिर, कदम दर कदम, वह उच्च पदों पर पहुंचे। वह युवा लोगों की भर्ती से लेकर उनकी उपस्थिति की निगरानी और वेतन शीट तैयार करने तक हर काम के लिए जिम्मेदार था। आरोप है कि उसने कंपनी के भरोसे का फायदा उठाकर कुछ साल पहले से फर्जी कर्मचारियों के नाम पर वेतन शीट



भेजकर हेड ऑफिस से लाखों रुपये अपने रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर करना शुरू कर दिया। अभिषेक मित्रा पर दिसंबर 2022 से दिसंबर 2024 तक दो वर्षों में 53 लाख रुपये का गबन करने का आरोप है। इस बारे में, कंपनी के एक वरिष्ठ कर्मचारी ने बताया कि कुछ दिन पहले डोमजूर स्थित कार्यालय के मालिक का खाता और एक कर्मचारी का खाता मेल खाने पर उन्हें संदेह हुआ। बाद में, आंतरिक जांच में पता चला कि कर्मचारियों की वेतन सूची में बड़ी गड़बड़ी है। पिछले दो वर्षों में अभिषेक ने फर्जी कर्मचारी सूची दिखाकर 53 लाख रुपये से अधिक का गबन किया है। इसके बाद, कंपनी ने इस संबंध में डोमजूर पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने गत मंगलवार की रात अभिषेक मित्रा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि आगे की पूछताछ के लिए उसे हिरासत में लिया जाएगा।

## जुआ खेलने पर आपत्ति, पति ने चाकू से पत्नी का सिर काटकर थाने में किया आत्मसमर्पण

**कोलकाता, समाज्ञा :** पति ने धारदार चाकू से पत्नी का धड़ और सिर अलग कर दिया। इसके बाद, आरोपी पति ने थाने में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। यह सनसनीखेज घटना नदिया जिले के शांतिपुर नगरपालिका क्षेत्र में घटी। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम बुद्धदेव सरकार है। परिवार का आरोप है कि गिरफ्तार व्यक्ति जुआ खेलने का आदी है। बताया जा रहा है कि इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच आए दिन झगड़ा होता था। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, परिवार शांतिपुर के वार्ड 9 के पुटपुटिटाला इलाके में रहता है। श्राबणी सरकार का विवाह बुद्धदेव सरकार से हुआ था। उनकी एक बेटी भी है जो दसवीं कक्षा में पढ़ती है। व्यक्ति को लम्बे समय से जुआ खेलने की लत है। ऐसा कहा जाता है कि जुए के कारण उसने बहुत सारा पैसा खो दिया है। इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच लगभग रोज ही बहस होती थी। लेकिन, आरोपी इस लत से मुक्त नहीं हो सका। मिली जानकारी के अनुसार, गत मंगलवार की शाम को पति-पत्नी के बीच फिर से बहस शुरू हो गई। उस समय घर में बेटी नहीं थी। बेटी घर लौटी तो उसने दरवाजा बंद पाया। इधर, घर के अंदर से संगीत बज रहा था। इस पर, बेटी को संदेह हुआ और वह पड़ोसी के पास जाकर उसे पूरी बात बताई। इसके बाद, पड़ोसी ने घर का दरवाजा खोला और अंदर प्रवेश किया। अंदर जाने पर उसेन देखा कि घर का फर्श खून से सना हुआ है। महिला का शव फर्श पर पड़ा है, उसका धड़ और सिर अलग-अलग पड़े हैं। घटना की जानकारी होते ही इलाके में सनसनी फैल गई। इस बीच, आरोपी बुद्धदेव सरकार ने कथित तौर पर पुलिस थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। यह भी बताया गया है कि उसने अपनी पत्नी की हत्या करने की बात भी कबूल कर ली है। शांतिपुर थाने की प्रभारी अधिकारी काजल बनर्जी सहित एक बड़ी पुलिस बल रात को घर पर गयी। शव को घर से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घर से खून से सना एक रूमाल बरामद किया गया। प्रारंभिक अनुमान यह है कि इसका प्रयोग हत्या के लिए किया गया था। कमरे की दीवारों और छत के पंखे पर खून के धब्बे पाए गए। यह भी बताया गया है कि घर से नमूने एकत्र किये जायेंगे। पुलिस ने उसी रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति को बुधवार को अदालत में पेश किया गया।

### राजभवन में अटके हावड़ा नगर निगम समेत दो और बिल पर राज्यपाल ने किए हस्ताक्षर

❑ **दो दिनों में राज्यपाल आनंद बोस ने पांच विधेयकों को दी मंजूरी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने आखिरकार राजभवन में अटके 'हावड़ा नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2021 आफिरस ऑन स्पेशल ट्यूटी समेत दो बिलों को अपनी मंजूरी दे दी। राजभवन ने बताया कि राज्यपाल ने हावड़ा नगर पालिका विधेयक के अलावा 'पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग (संशोधन) विधेयक 2018' पर भी हस्ताक्षर कर दिए हैं। बता दें कि राज्यपाल ने राज्य विधानसभा में पारित पांच विधेयकों को 24 घंटे के भीतर दो बार में मंजूरी दी है, जबकि सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी को एक महीना भी नहीं हुआ था। टिप्पणी में कहा गया कि राज्य विधानसभा में पारित विधेयक को राज्यपाल द्वारा लंबित रखना कानूनी नहीं है। इससे पहले मंगलवार को राज्यपाल बोस ने 'पश्चिम बंगाल नगर एवं ग्राम (योजना एवं विकास) (संशोधन) विधेयक 2023', 'पश्चिम बंगाल भूमि सुधार एवं किरायेदारी न्यायाधिकरण (संशोधन) विधेयक 2022' और 'पश्चिम बंगाल कर न्यायाधिकरण (संशोधन) विधेयक 2022' को मंजूरी दी थी। इसके अलावा, राज्यपाल ने राज्य सरकार से बंगाल विधानसभा में 'पश्चिम बंगाल अल्पसंख्यक आयोग (संशोधन) विधेयक 2025' पेश करने की सिफारिश की थी।

**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना संख्या: केपीए-ईआरएस-ओटी-02-25-26, दिनांक: 26.04.2025।** उप मुख्य विद्युत अभियंता, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, पिन-743145, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: केपीए-ईआरएस-ओटी-02-25-26। विवरण:** विद्युतीय लोकोमोटिव के कैब इंटीरियर का रूपांतरण। मात्रा: 05 अदद लोको (अर्थात 3 अदद पारम्परिक लोको तथा 2 अन्य 3-फेज लोको)। **निविदा मूल्य: ₹** 1,48,38,423 (जीएसटी एवं अन्य सभी प्रभार सहित)। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 17.05.2025 को दोपहर 1.00 बजे। **पूरा करने की अवधि:** 03 महीना। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा हेतु बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा सीधे रद्द कर दिया जायेगा।
(MISC-34/2025-26)
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **[मंडल अभियंता/4/हावड़ा]। ई-निविदा संख्या: 12_2025-26, दिनांक: 28.04.2025। कार्य का विवरण:** सहायक अभियंता/रामपुरहाट के अधीन एसएसई/पी.वे/पाकुड़ के खंड में पाकुड़ क्वैरी लाइन से क्वैरी सामग्रियों/धूल की सफाई। **अनुमानित लागत:** रु. 87,43,965.40। **बयाना राशि:** रु. 1,74,900। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 06 (छः) महीना। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 20.05.2025 को दोपहर 2:00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदा दस्तावेज की कीमत एवं जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान उपर्युक्त वेबसाइट के जरिये सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये स्वीकार किया जायेगा। **द्रष्टव्य:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में सावधि जमा रसीद (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
(HWH-53/2025-26)
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जनरल), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंज़िल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के सम्बन्ध में निम्नलिखित ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या: 1। निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1216-2025-26, दिनांक: 25.04.2025। कार्य का विवरण:** नारकेलडांगा कारशेड पर ऑटोमैटिक कोच वाशिंग प्लांट के प्रावधान के सम्बन्ध में विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 5,47,411। **बयाना राशि:** रु. 11,000। **पूरा करने की अवधि:** 08 महीना। **क्रम संख्या: 2। निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1219-2025-26, दिनांक: 25.04.2025। कार्य का विवरण:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/मुख्यालय/सियालदह के अधीन सियालदह स्टेशन, एनसीसी यार्ड के लिए जल की आपूर्ति हेतु 100000 गैलन की क्षमता के आर.सी.सी. ओएच टैंक का निर्माण एवं अन्य सभी विविध आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 28,56,607। **बयाना राशि:** रु. 57,100। **पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **क्रम संख्या: 3। निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1220-2025-26, दिनांक: 25.04.2025। कार्य का विवरण :** बारुईपुर स्टेशन पर यात्री केंद्रित सुविधाएँ प्रदान करने हेतु प्रस्ताव। **निविदा मूल्य:** रु. 56,73,048। **बयाना राशि:** रु. 1,13,500। **पूरा करने की अवधि:** 08 महीना। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0 (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। **निविदा प्रकाशन की तारीख:** 25.04.2025 (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 16.05.2025 को दोपहर 2.00 बजे (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बोली खुलने की तारीख एवं समय:** 15.05.2025 को दोपहर 2.00 बजे (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बोली शुरू होने की तारीख:** 02.05.2025 (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। निविदा सूचना एवं समयसमय पर जारी की जाने वाली संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
(SDAH-34/2025-26)
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना संख्या: ईएल-एएसएन-सीओएन-टीआरडी-157-2024-एनआईटी, दिनांक: 28.04.2025।** उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, आसनसोल, पश्चिम बर्दवान, आसनसोल-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता तथा उचित अनुभव रखने वाले अनुभवी विद्युतीय ठेकेदारों, भागीदारी फर्मों आदि से ई-निविदा पद्धति के जरिये खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: ईएल-एएसएन-सीओएन-टीआरडी-157-2024। कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में न्यू अंडाल डीएफसीसी चेनेज 189.992 (अंडाल-किमी. 189.65) से कालीपहाड़ी डीएफसीसी चेनेज 205.778 (कालीपहाड़ी-किमी. 205 छोड़कर) तक मल्टी ट्रैकिंग डीएफसीसीआईएल कार्य के सम्बन्ध में 2x25 केवी ए.सी., सिंगल फेज ओवरहेड इक्विपमेंट, एलटी सप्लाई ट्रांसफॉर्मर, एल्युमीनियम फीडर वायर, एईसी अर्थिंग तथा बीईसी अर्थिंग की डिज़ाइन, ड्राइंग, आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं शुरुआत। **निविदा मूल्य:** रु. 35,56,01,470। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **बयाना राशि:** रु. 19,28,000। **पूरा करने की अवधि:** 30 (तीस) महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 21.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा दस्तावेज वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है एवं ऊपर उल्लिखित निविदा बंद होने की तारीख एवं समय को या उससे पहले इस निविदा के तहत ऊपर उल्लिखित अनुसार "निविदा दस्तावेज की कीमत" तथा "बयाना राशि" का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद बोली जमा की जा सकती है। इस निविदा के तहत हर तरह से सम्पूर्ण निविदा के साथ ऊपर उल्लिखित अनुसार सभी दस्तावेज **www.ireps.gov.in** पर अपलोड करने होंगे। निविदा हेतु बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा की जा सकती हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा सीधे रद्द कर दिया जायेगा। निविदा दस्तावेज, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी की गई संशोधनी (यदि कोई हो) तथा अन्य मूल जानकारियाँ **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। यह निविदा सूचना उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, आसनसोल, पश्चिम बर्दवान, आसनसोल-713301 के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।
(CON-05/2025-26)
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा संख्या: एसडीएसटीई-डेटालॉगर-ईएलडी-25, दिनांक: 29.04.2025।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल लिफाफा प्रणाली में खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** अनुसूची क- हावड़ा मंडल में 40 अदद डेटालॉगर की वृद्धि एवं क्रमोन्नयन। अनुसूची ख- हावड़ा में शेष स्टेशन पर अर्थ लीकेज डिटेक्टर का प्रावधान। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 2,72,94,888। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 2,86,500। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 23.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 09.05.2025। **निविदा अपलोड करने की तारीख एवं समय:** 29.04.2025 को अपराह्न 5.04 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **पूरा करने की अवधि:** 9 महीना। **वेबसाइट का विवरण: www.ireps.gov.in।** बोलीदाता सिर्फ निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह का मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे नज़रअंदाज़ कर दिया जायेगा।
(HWH-55/2025-26)
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: एनआईटी/02/25/29, दिनांक 28.04.2025।** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, 17 नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंज़िल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या; निविदा संख्या; विवरण; निविदा की कीमत; बयाना राशि** और **निविदा खुलने की तारीख और समय** निम्नानुसार हैं: **1; 07245030;** स्पेसिफिकेशन आईएस 3954 (1991)। ड्राइंग संख्या एसआई/एस एंड टी/1/24 शीट 1/7 और 7/7 के अनुरूप, 2 अदद छेद वाले एमएस चैनल 100 x 50 x 5 x 300 मिमी. की प्राप्ति; ₹ 0 और ₹ 1,61,820। **2; 12255237;** बीसीएम के लिए मुख्य कन्वेयर बेल्ट ड्राइव मोटर; ₹ 0 और ₹ 1,07,090। **3; 12255239;** बीसीएम के लिए क्लच कपलिंग; ₹ 0; ₹ 1,87,230 और 13.05.2025 को दोपहर 1.30 बजे (क्र.सं. 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। **4; 21251317;** कॉम्प्लीट डोर ऑपरेटिंग आदि; ₹ 0 और ₹ 1,14,990। **5; 21251385;** नकल पिवोट पिन आदि; ₹ 0; ₹ 1,02,340 और 14.05.2025 को दोपहर 1.30 बजे (क्र.सं. 4 और 5 प्रत्येक के लिए)। **6; 04245031ए;** लिफ्टिंग के दौरान पैड पर लिफ्टिंग क्लॉ का बहुत आसान फिटमेंट सहित जैक के फ्री मूवमेंट के लिए बेस प्लेट के साथ 25 टन यूनिवर्सल जेएमपी-जैक के लिए साइड व्हील और रियर व्हील कंपोनेंट और स्प्रिंग-लोडेड व्हील अरेंजमेंट सिस्टम की आपूर्ति और फिटमेंट। ऑफ लोड के दौरान जैक को व्हील पर आराम करना चाहिए और लोड के दौरान जैक को जेएमपी एसके संख्या-25टी/जेएमपी/जैक/01/2024 के अनुसार कॉम्प्लीट मैकेनिकल अरेंजमेंट के साथ स्वचालित रूप से बेस फ्रेम पर स्थानांतरित किया जाना चाहिए। मात्रा: 01 सेट जिसमें 5 अदद शामिल हैं (1 अदद के लिए, उल्लिखित ड्राइंग के अनुसार सभी मदें शामिल हैं); ₹ 0 और ₹ 2,59,710। **7; 11241416ए;** अंदरूनी डस्टबिन (बायो टॉयलेट लगे कोचों के लिए) आदि; ₹ 0 और ₹ 1,57,900। **8; 12251069;** आरडीएसओ टी-1899 के अनुसार 60 किग्रा. के लिए फिश बोल्ट और नट; ₹ 0 और ₹ 3,59,980। **9; 15245028सी;** रोटरी स्क्रू इलेक्ट्रिकल ड्रिवेन एयर-कंप्रेसर, क्षमता-300 सीएफएम की आपूर्ति, स्थापना और शुरुआत; ₹ 0 और ₹ 1,26,020। **10; 15245086ए;** मंडल रेलवे अस्पताल, आसनसोल में मॉड्यूलर ओटी; ₹ 0 और ₹ 1,32,860। **11; 15245109ए;** रोटरी स्क्रू इलेक्ट्रिकल ड्रिवेन एयर कंप्रेसर, रोटरी स्क्रू इलेक्ट्रिकल ड्रिवेन एयर कंप्रेसर की आपूर्ति, स्थापना और शुरुआत; ₹ 0 और ₹ 1,75,820। **12; 15255011ए;** स्मार्ट कार्ड आधारित ऑटोमैटिक टिकटिंग वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) आदि की आपूर्ति, स्थापना और शुरुआत; ₹ 0 और ₹ 5,34,160। **13; 21251420ए;** नैरो जॉ एडाप्टर आदि; ₹ 0 और ₹ 7,04,580। **14; 21251475;** प्राथमिक ब्रेक बीम असेंबली; ₹ 0 और ₹ 2,24,800। **15; 22251039;** इंजेक्शन मेरोपेनम 1 ग्राम प्रति शीशी; ₹ 0; ₹ 0 और 19.05.2025 को दोपहर 1.30 बजे (क्र. सं. 6 से 15 प्रत्येक के लिए)। **16; 10241166ए;** एचएस15250 ट्रैक्शन आर्मेचर के लिए कम्यूटेटर; ₹ 0 और ₹ 1,64,730। **17; 15255022;** संलग्न स्पेसिफिकेशन के अनुसार हाइड्रोलिक रीरेलिंग उपकरण की आपूर्ति, स्थापना और शुरुआत; ₹ 0 और ₹ 2,76,450। **18; 19251084;** डीजल लोको स्टार्टर बैटरी 8 वोल्ट की प्राप्ति आदि; ₹ 0; ₹ 8,41,560 और 20.05.2025 को दोपहर 1.30 बजे (क्र. सं. 16 से 18 प्रत्येक के लिए)। **19; 12251097;** 52 किलोग्राम ऑब्ट्यूज़ क्रॉसिंग 1 इन 8.5 ड्राइंग संख्या टी-5265/1; ₹ 0; ₹ 2,65,500 और 21.05.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **20; 10251049;** की बॉक्स (एचओएम) के साथ अर्थिंग स्विच आदि; ₹ 0 और ₹ 1,04,180। **21; 10252289;** ट्रैक्शन मोटर टेम्परेचर सेंसर; ₹ 0 और ₹ 1,31,220। **22; 10252391;** पी7 लोको के लिए एक्सल डम्पर; ₹ 0 और ₹ 1,35,370। **23; 10252392बी;** डब्ल्यूएपी7 लोकोमोटिव के लिए वर्टिकल डम्पर; ₹ 0 और ₹ 1,44,060। **24; 20242199ए;** एस्कॉर्ट्स निर्मित टीवी टाइप शॉक एब्जॉर्बर (टीवी 600) के लिए पीओएच किट 600 किग्रा. x 600 किग्रा. क्षमता जिसमें संलग्न अनुलग्नक के अनुसार 11 मदें शामिल हैं; ₹ 0; ₹ 1,49,050 और 22.05.2025 को दोपहर 1.30 बजे (क्र. सं. 20 से 24 प्रत्येक के लिए)। **25; 10252337;** ईएलजीआई निर्मित कंप्रेसर के लिए एओएच किट का सेट आदि; ₹ 0 और ₹ 5,57,610। **26; 11251777;** ताजे पानी की टंकी; ₹ 0; ₹ 3,35,020 और 26.05.2025 को दोपहर 1.30 बजे। (क्र.सं. 25 और 26 प्रत्येक के लिए)। **द्रष्टव्य:** ऊपर उल्लिखित सभी निविदाएं ई-निविदाएं हैं तथा सभी निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिये अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं से सम्बंधित और अधिक जानकारी के लिए कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट देखें।
(STORES-07/2025-26)
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

# चहल की हैट्रिक, अय्यर और प्रभसिमरन के अर्धशतक से पंजाब किंग्स जीता

## सीएसके प्लेऑफ की दौड़ से बाहर



**चेन्नई :** पंजाब किंग्स युजवेंद्र चहल की हैट्रिक के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर (72 रन) और प्रभसिमरन सिंह (54 रन) के अर्धशतकों की मदद से बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को चार विकेट से हराकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। पंजाब किंग्स अब छह जीत से 13 अंक लेकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (14 अंक) के बाद दूसरे स्थान पर है। वहीं सीएसके की टीम लगातार पांचवीं हार के बाद इस सत्र में टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई। 10 मैच में दो जीत से चार अंक लेकर सीएसके लगातार दूसरी बार प्लेऑफ से बाहर हो गई। अय्यर और प्रभसिमरन ने दूसरे विकेट के लिए 50 गेंद में 72 रन की साझेदारी बनाकर पंजाब किंग्स को सीएसके के 191 रन के लक्ष्य को हासिल करने की ओर अग्रसर किया। पंजाब की टीम ने दो गेंद रहते जीत दर्ज की। अय्यर ने 41 गेंद की पारी के दौरान पांच चौके और चार छक्के जड़े जबकि प्रभसिमरन ने 36 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के जमाए। इन दोनों के अलावा प्रियांश आर्या और शशांक सिंह ने 23-23 रन का योगदान दिया। शशांक सिंह को डेवाल्ड ब्रेविस ने रविंद्र जडेजा की गेंद पर शानदार तरीके से आउट किया। डीप मिडविकेट पर ब्रेविस ने सीमारेखा के अंदर बाहर अंदर होते हुए हवा में शानदार कैच लपका। सीएसके के लिए खलील अहमद और माथिशा पाथिराना ने दो दो जबकि जडेजा और नूर अहमद ने एक एक विकेट झटका। इससे पहले सैम करन (88 रन) के चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में बनाए गए अर्धशतक के बावजूद सीएसके चहल (32 रन देकर चार विकेट) की हैट्रिक से 19.2 ओवर में 190 रन पर सिमट गई। करन ने 47 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके और चार छक्के लगाकर इस सत्र में पहली अर्धशतकीय पारी खेली तथा टीम को पावरप्ले में तीन विकेट पर 48 रन के स्कोर से अच्छी स्थिति में पहुंचाया।

# मुंबई का विजय अभियान रोकने की कोशिश करेगा राजस्थान




**जयपुर :** पिछले मैच में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार पारी से जीत दर्ज करने वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम गुरुवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ नये जोश के साथ उतरेगी और उसका लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पांच बार की चैंपियन का विजय अभियान रोकना होगा। राजस्थान रॉयल्स की अगर मगर की कठिन डगर पर प्लेऑफ में जगह बनाने की धुंधली उम्मीद है। उसे सूर्यवंशी के रूप में आशा की किरण मिल गई है। कप्तान संजू सैमसन के साइड स्ट्रेन के कारण बाहर हो जाने से सूर्यवंशी को पदार्पण का मौका मिला और उन्हें क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बनने में उन्हें केवल तीन पारियां लगीं। सैमसन ने अपना आखिरी मैच 16 अप्रैल को खेला था और उनकी वापसी को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है, जिससे सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल को फिर से पारी की शुरुआत करनी होगी। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ इन दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 166 रन की साझेदारी से रॉयल्स ने 210 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया था। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गेंदबाजों को चुनौती देने के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ के तेज गेंदबाजों में से एक जसप्रीत बुमराह का सामना किस तरह से करते हैं। राजस्थान के निचले मध्य क्रम में शिमरोन हेटमायर पर दबाव होगा जो इस सत्र में अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसके तेज गेंदबाजी विभाग में जोफ्रा आर्चर ने सफलता जरूर दिलाई है लेकिन उन्होंने लगभग 10 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए हैं। संदीप शर्मा भी थोड़े महंगे साबित हुए हैं। असल में राजस्थान के किसी भी प्रमुख गेंदबाज का इकोनॉमी रेट नौ से कम नहीं है। हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस के लिए बुमराह की वापसी सुखद रही है। मुंबई की हमेशा की तरह शुरुआत अच्छी नहीं रही थी लेकिन टीम ने अब पांच मैच जीत लिए हैं और उसके विजय अभियान को रोकना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। पंड्या ने लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ जीत के बाद कहा था, ''यह प्रतियोगिता बहुत कठिन है।

# सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज़ शतरंज: दूसरे स्थान पर पहुंचे प्रज्ञानानंद



**वारसॉ (पोलैंड) :** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने खराब शुरुआत से वापसी करते हुए ग्रैंड शतरंज टूर की प्रतियोगिता सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट में ब्लिट्ज वर्ग के पहले हाफ के आखिर में ओवरऑल तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। प्रज्ञानानंद के प्रयासों ने उन्हें लगातार दूसरे दिन अच्छी स्थिति में रखा। इस भारतीय खिलाड़ी ने रैपिड शतरंज के पहले दो दिनों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था, लेकिन विशेष रूप से ब्लिट्ज वर्ग में अपनी विशेषज्ञता दिखाते हुए जोरदार वापसी की। उन्होंने रोमानिया के डेक बोगडान डैनियल और अमेरिका के लेवोन एरोनियन से हार के साथ शुरुआत की थी, लेकिन फिर फ्रांस के फ़िरोज़ा अलीरेज़ा और मैक्सिम वाचियर लाग्रेव को हराकर वापसी की। प्रज्ञानानंद ने अंतिम तीन राउंड में पूर्व विश्व चैंपियन बुल्गारिया के वेसेलिन टोपालोव, हम वतन अरविंद चिदंबरम और रोमानिया के डेविड गैवरिलेस्कु को हराकर नौ मैच में 5.5 अंक जुटाए। प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अरविंद नौ मैचों में केवल 3.5 अंक ही हासिल कर सके। स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव ने इस दिन आठ अंक बनाए और वह संभावित 27 में से 19 अंक लेकर शीर्ष पर काबिज हैं। प्रज्ञानानंद उनसे 3.5 अंक पीछे हैं।

# भारत एशियाई अंडर-15 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शीर्ष पर

**अम्मान (जॉर्डन) :** भारत ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-15 एवं अंडर-17 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अंडर-15 वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया जिसमें महिला मुक्केबाजों ने 10 स्वर्ण सहित 25 पदक जीते। महिला मुक्केबाजों ने 15 भार वर्गों में 10 स्वर्ण और चार कांस्य पदक हासिल किए। मंगलवार को अंडर-15 वर्ग में जो भी फाइनल खेला गया उसमें स्वर्ण पदक जीता। अंडर-15 वर्ग में शुरुआत कोमल (30-33 किग्रा) ने कजाकिस्तान की ऐरू ओंगरबेक को 3-2 के विभाजित फैसले से हराकर की। खुशी अहलावत (35 किग्रा) ने 4-1 से जीत दर्ज की जबकि तमन्ना (37 किग्रा) ने रैफरी द्वारा मुकाबला रोकने (आरएससी) से स्वर्ण पदक पक्का किया। स्वी (40 किग्रा), मिल्की मेनाम (43 किग्रा), प्रिंसी (52 किग्रा), नव्या (58 किग्रा), सुनैना (61 किग्रा), त्रुशाना मोहिते (67 किग्रा) और वंशिका (70 किग्रा से अधिक) ने सर्वसम्मति से अपने मुकाबले जीते जिससे लड़कियों की अंडर-15 टीम ने फाइनल में क्लीन स्वीप किया। भारत के चार लड़के फाइनल में पहुंचे जिसमें संस्कार विनोद (35 किग्रा) ने स्वर्ण जबकि तीन ने रजत पदक जीते। इससे पहले लड़कों के वर्ग में सात कांस्य पदक मिले थे। भारतीय मुक्केबाजी की अंतरिम समिति के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, ''भारतीय मुक्केबाजी के लिए यह शानदार शाम थी। 11 बार राष्ट्रगान बजते हुए सुनना और भारत को सूची में शीर्ष पर देखना हम सभी को गर्व से भर देता है। मैं इस शानदार उपलब्धि के लिए हमारे 25 अंडर-15 पदक विजेताओं को बधाई देता हूं। ये हमारे भविष्य के ओलंपिक चैंपियन हैं और उन्होंने देश को गौरवान्वित किया है।' भारत ने फाइनल से पहले ही 43 पदक पक्के कर लिए थे जिनमें अंडर-15 वर्ग में 25 और अंडर-17 वर्ग में 18 पदक शामिल हैं। अंडर-17 का फाइनल बुधवार को खेला जाएगा। रुद्राक्ष सिंह खैदेम (46 किग्रा), अभिजीत (61 किग्रा) और लक्ष्य फोगट (64 किग्रा) ने रजत पदक जीते। अंडर-17 फाइनल में सात भारतीय मुक्केबाज स्वर्ण पदक के लिए भिड़ेंगे।

## न्यूज अपडेट

### गुरिंदरवीर, कुजूर, मणिकांता, अमलान ने चार गुणा 100 मीटर रिले में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

**चंडीगढ़ :** गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, मणिकांता होबलीधर और अमलान बोरगोहेन की चौकड़ी ने बुधवार को यहां इंडियन ओपन रिले प्रतियोगिता के दौरान पुरुषों की चार गुणा 100 मीटर रिले में 38.69 सेकेंड का समय लेकर 15 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने 2010 के नयी दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान बनाए गए 38.89 सेकेंड के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। उस समय रहमतुल्ला मोल्ला, सुरेश सत्या, शमीर मोन और ए. कुरैशी की टीम ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। तमिलनाडु (39.83 सेकंड) और सेना (41.40 सेकंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

### थाईलैंड से चार जून को अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगा भारत

**नयी दिल्ली :** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को घोषणा की कि भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम चार जून को अपने से अधिक रैंकिंग वाले थाईलैंड के खिलाफ उसकी धरती पर अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। भारतीय टीम अभी एएफसी एशियाई कप 2027 के क्वालीफायर के फाइनल राउंड का हिस्सा है तथा थाईलैंड के खिलाफ थम्मासैट स्टेडियम में होने वाला अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच 10 जून को हांगकांग के खिलाफ क्वालीफिकेशन मैच के लिए टीम की तैयारी का हिस्सा होगा। फीफा रैंकिंग में भारत 127वें जबकि थाईलैंड 99वें स्थान पर है। भारत और थाईलैंड 26 बार एक-दूसरे से भिड़ चुके हैं। इनमें से भारत ने सात और थाईलैंड ने 12 मैच जीते हैं। बाकी सात मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। भारत का अभ्यास शिविर 18 मई को कोलकाता में शुरू होगा और टीम 29 मई तक थाईलैंड के लिए रवाना होगी। भारतीय टीम वहीं से हांगकांग जाएगी।

### नोवाक जोकोविच इटालियन ओपन से हटे

**रोम:** अपना 100वां खिताब जीतने की कवायद में लगे नोवाक जोकोविच ने लगातार तीन मैचों की हार के बाद इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। जोकोविच का यह फैसला फ्रेंच ओपन के लिए तैयारी को देखते हुए महत्वपूर्ण माना जा रहा है जहां वह रिकॉर्ड 25वीं ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेंगे। रोम में क्ले-कोर्ट पर होने वाले इटालियन ओपन टूर्नामेंट के आयोजकों में सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी कि जोकोविच इस साल प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। जोकोविच का इस सत्र में प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है। उन्हें पिछले तीन टूर्नामेंट मियामी ओपन, मोंटे कार्लो मास्टर्स और मैड्रिड ओपन में हार का सामना करना पड़ा था।

### जापान में 2026 एशियाई खेलों में क्रिकेट बरकरार रहेगा

**नयी दिल्ली :** एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने पुष्टि की है कि क्रिकेट 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान में आयोजित होने वाले 2026 ऐची-नागोया एशियाई खेलों का हिस्सा बना रहेगा। क्रिकेट को बरकरार रखने का फैसला इस हफ्ते की शुरुआत में एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) और आयोजन समिति (एआईएनएजीओसी) के बीच हुई बैठक के दौरान लिया गया था। ओसीए ने कहा, 'खेल कार्यक्रम की सूची में 28 अप्रैल सोमवार को नागोया सिटी हॉल में एआईएनएजीओसी निदेशक मंडल की 41वीं बैठक में ताजा फैसला हुआ जिसमें क्रिकेट और मिक्स्ड मार्शल आर्ट दोनों को औपचारिक रूप से मंजूरी दी गई। '' क्रिकेट मैच टी20 प्रारूप में ऐची प्रांत में खेले जाएंगे। हालांकि अभी स्थलों पर फैसला किया जाना बाकी है। ओसीए ने कहा, ''क्रिकेट का आयोजन स्थल ऐची प्रांत में होगा लेकिन सही स्थान अभी तय नहीं किया गया है। इसमें लोगों की दिलचस्पी सिर्फ दक्षिण एशिया में क्रिकेट की लोकप्रियता के कारण नहीं होगी बल्कि इसलिए भी होगी क्योंकि टी-20 प्रारूप को 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में शामिल किया जाएगा। '' क्रिकेट एशियाई खेलों में शामिल 41 स्पर्धाओं में से एक होगा। ओसीए की 45 राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों का प्रतिनिधित्व करने वाले 15,000 एथलीट और अधिकारियों के इन खेलों में भाग लेने की उम्मीद है। क्रिकेट चौथी दफा एशियाई खेलों में शामिल होगा। इससे पहले ग्वांग्झू (2010), इंचियोन (2014) और हांग्झोउ (2023) में इसे शामिल किया गया था।



# अमूल ने दूध के दाम बृहस्पतिवार से दो रुपये प्रति लीटर बढ़ाए



**अहमदाबाद :** अमूल दूध के दाम देश भर में दो रुपये प्रति लीटर तक बढ़ा दिये गये हैं। दाम में यह वृद्धि बृहस्पतिवार से लागू होगी। लोकप्रिय डेयरी ब्रांड अमूल का स्वामित्व रखने वाले गुजरात सहकारी दूध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) ने बुधवार को यह घोषणा की। एक दिन पहले, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दूध एवं डेयरी उत्पादों की विक्रेता मदर डेयरी ने खरीद लागत बढ़ने का हवाला देते हुए दूध की कीमतों में बुधवार से दो रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की घोषणा की थी। जीसीएमएमएफ ने एक बयान में कहा कि दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि दूध उत्पादों के एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) में तीन-चार प्रतिशत बढ़ोतरी के बराबर होगी, जो औसत खाद्य मुद्रास्फीति से काफी कम है। गुजरात के आणंद स्थित महासंघ 'अमूल' ब्रांड के तहत डेयरी उत्पादों का विपणन करता है। महासंघ ने बताया कि उसने जून 2024 से पाउच वाले ताजा दूध की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। बयान में कहा गया, 'हमारे 36 लाख दूध उत्पादकों के लिए दूध के उत्पादन की लागत बढ़ने के कारण यह मूल्य वृद्धि की जा रही है। हमारे सदस्य संघों ने भी पिछले एक साल में इसी अनुपात में किसानों के लिए कीमतों में वृद्धि की है।' बयान के मुताबिक, इस वृद्धि के बाद गुजरात में अमूल गोल्ड दूध का आधा लीटर का पाउच 34 रुपये में, और इसी ब्रांड का एक लीटर का पाउच 67 रुपये में मिलेगा। 'शक्ति' संस्करण का आधा लीटर का पाउच 31 रुपये में मिलेगा, जबकि गाय के दूध के आधा लीटर पाउच की कीमत 29 रुपये होगी। भैंस के दूध के एक लीटर पाउच की कीमत 73 रुपये होगी, जबकि अमूल 'ताजा' के एक लीटर पाउच की कीमत 55 रुपये होगी।

### आईपीओ लाने के पहले मौजूदा शेयरधारकों के लिए डीमैट खाता अनिवार्य होः सेबी

**नयी दिल्ली :** बाजार नियामक सेबी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) दस्तावेज दाखिल करने से पहले कंपनी के निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों और मौजूदा कर्मचारियों सहित चुनिंदा शेयरधारकों के लिए डीमैट रूप में शेयर रखने को अनिवार्य करने का बुधवार को प्रस्ताव रखा। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के इस प्रस्ताव को अगर लागू किया जाता है, तो भौतिक शेयर प्रमाणपत्रों से जुड़ी अक्षमताओं और जोखिमों को खत्म करने में मदद मिलेगी। भौतिक शेयरों के साथ चोरी, जालसाजी और हस्तांतरण और निपटान में देरी जैसे जोखिम जुड़े होते हैं। बाजार नियामक ने इस प्रस्ताव पर 20 मई तक सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी हैं। सेबी ने अपने परामर्श पत्र में कहा, विभिन्न नियामकीय निर्देशों और सुविधा तंत्रों के बावजूद आईपीओ-पूर्व शेयरधारकों, जैसे निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों वरिष्ठ प्रबंधन, विक्रेता शेयरधारकों और यहां तक कि पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के बीच भी भौतिक शेयरों की महत्वपूर्ण मात्रा बनी रहती है। इससे एक नियामकीय अंतराल पैदा होता है जो सूचीबद्धता के बाद भी भौतिक शेयरों की अच्छी मात्रा बनाए रखने की अनुमति देता है। सेबी ने प्रस्ताव किया कि इन चिंताओं को दूर करने के लिए मौजूदा विनियामक प्रावधान का विस्तार किया जाना चाहिए।

# सोने की कीमतों में तेजी के बावजूद अक्षय तृतीया पर सोने की खरीदारी बढ़ी



**नयी दिल्ली :** दुनिया के सबसे बड़े स्वर्ण उपभोक्ता भारत में बुधवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर सोने और चांदी की खरीदारी में तेजी आई। कीमतें अधिक होने के बावजूद मूल्यवान धातु की खरीद को लेकर लोगों में आकर्षण दिखा। आभूषण विक्रेताओं के संगठन अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) ने अनुमान लगाया है कि पिछले साल की तुलना में मूल्य के लिहाज से सोने की बिक्री में 35 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जाएगी। दिन के पहले पहर में दक्षिण भारत में उपभोक्ताओं की संख्या अधिक रही तथा महाराष्ट्र तथा उत्तरी राज्यों में भी शाम के समय तक खरीदारी बढ़ी। दिल्ली में बुधवार को सोना 98,550 रुपये प्रति 10 ग्राम (करों सहित) पर रहा, जबकि पिछले साल इस त्योहार के दौरान यह 72,300 रुपये पर था। जीजेसी के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जो उपभोक्ता ऊंचे दामों पर सोना खरीदने से हिचकिचा रहे थे, वे अब खरीदारी कर रहे हैं क्योंकि कीमतें उच्च स्तर पर जाने के बाद लगभग स्थिर हो गई हैं। उन्होंने कहा, ''हमें उम्मीद है कि सोने की बिक्री पिछले साल के 20 टन के स्तर पर स्थिर रहेगी। हालांकि, मूल्य के संदर्भ में, सोने की बिक्री में 35 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है।' रोकड़े ने कहा कि सोने के मंगल सूत्र और चेन की मांग में वृद्धि के साथ ही चांदी की बिक्री, खासकर बर्तनों की बिक्री में तेजी आई। उन्होंने कहा कि 25-40 वर्ष की आयु के उपभोक्ता भी सोना और चांदी खरीद रहे हैं, जो एक नयी प्रवृत्ति है। अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना दक्षिण भारत में व्यापक रूप से प्रचलित परंपरा है, जो बढ़ती जागरूकता के साथ धीरे-धीरे पूरे देश में फैल गई है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (भारत) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन जैन ने कहा, 'सोने की कीमतों में वृद्धि के कारण खरीद क्षमता प्रभावित हुई है। हालांकि, अक्षय तृतीया के कारण खरीदारी का रुझान मजबूत है...।' पीएनजी ज्वैलर्स के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सौरभ गाडगिल ने कहा कि सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बावजूद उपभोक्ता धारणा सकारात्मक बनी हुई है। सोने, हीरे तथा चांदी के आभूषणों में लगातार रुचि बनी हुई है।

# वाहनों पर 25 प्रतिशत सीमा शुल्क में कुछ कटौती के आदेश पर ट्रंप ने हस्ताक्षर किए

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वाहनों और वाहन कलपुर्जों के आयात पर लगाए गए 25 प्रतिशत सीमा शुल्क में से कुछ को कम करने के लिए मंगलवार को सरकारी आदेशों पर हस्ताक्षर कर दिए। इस कदम से अमेरिकी वाहन विनिर्माताओं को राहत मिलने की उम्मीद है क्योंकि सीमा शुल्क बढ़ने से उन्हें कलपुर्जों की आपूर्ति में समस्याएं पेश आने की आशंका सता रही थी। वाहन कंपनियों और स्वतंत्र विश्लेषकों ने संकेत दिया है कि शुल्क बढ़ने से वाहनों की कीमतें बढ़ सकती हैं जिससे बिक्री में कमी आने और दुनिया भर में अमेरिकी उत्पादों के कम प्रतिस्पर्धी होने का डर है। ट्रंप ने मंगलवार को एक आदेश पर हस्ताक्षर कर वाहन आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के पिछले आदेश में संशोधन कर दिया। इससे विदेशी कलपुर्जों के साथ अमेरिका में 'असेंबल' होने वाले वाहनों को उच्च आयात करों का सामना नहीं करना पड़ेगा। संशोधित आदेश घरेलू स्तर पर 'असेंबल' किए गए वाहनों की बिक्री कीमतों के सापेक्ष एक वर्ष के लिए 3.75 प्रतिशत की छूट प्रदान करता है। ट्रंप ने कहा कि सीमा शुल्क की दरों में बदलाव वाहन विनिर्माताओं को अमेरिका में अधिक उत्पादन करने की दिशा में एक पुल के रूप में काम करेगा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हम इस छोटे से बदलाव के दौरान अल्पावधि में उनकी मदद करना चाहते थे। हम उन्हें दंडित नहीं करना चाहते थे। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने इससे पहले व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि लक्ष्य वाहन कंपनियों को नौकरियां सृजित करने में सक्षम बनाना था। बेसेंट ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप ने घरेलू और विदेशी वाहन उत्पादकों के साथ बैठकें की हैं, और वे वाहन उत्पादन को अमेरिका में वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 46 अंक गिरा



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार दो दिनों की तेजी के बाद बुधवार को अत्यधिक उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। भारत एवं पाकिस्तान के बीच तनाव और बजाज समूह की दोनों कंपनियों में बिकवाली के बीच बाजार लगभग स्थिर रहा। विश्लेषकों के मुताबिक, बाजार में व्याप्त नकारात्मक धारणा को विदेशी पूंजी की आवक जारी रहने से थोड़ा समर्थन मिला और गिरावट पर लगाम लगा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 46.14 अंक यानी 0.06 प्रतिशत गिरकर 80,242.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान काफी उतार-चढ़ाव देखा गया और सेंसेक्स ने 80,525.61 के ऊपरी एवं 79,879.15 के निचले स्तर को छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी उतार-चढ़ाव के बाद 1.75 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 24,334.20 पर बंद हुआ। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, बाजार की धारणा भारत और पाकिस्तान के बीच पैदा हुए तनाव को देखते हुए सतर्क बनी हुई है। इस वजह से बाजार अमेरिका में जीडीपी के आंकड़े आने के पहले स्थिर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से बजाज फिनसर्व में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई जबकि बजाज फाइनेंस में लगभग पांच प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

# आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर फॉर्म किए अधिसूचित

**नयी दिल्ली :** आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर फॉर्म एक और चार को अधिसूचित किया है। इसके साथ सूचीबद्ध शेयरों से 1.25 लाख रुपये तक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ वाले व्यक्तियों के लिए रिटर्न दाखिल करना आसान बनाया गया है। सरकार ने 80सी, 80जीजी और अन्य धाराओं के तहत दावा की गई कटौती के संबंध में फॉर्म में कुछ बदलाव किए हैं। साथ ही, करदाताओं को टीडीएस कटौती के संबंध में आईटीआर में खंडवार पूरा विवरण प्रस्तुत करना होगा। एक बार जब आयकर विभाग द्वारा आईटीआर दाखिल करने की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी, तो लोग वित्त वर्ष 2024-25 में अर्जित आय के लिए आईटीआर दाखिल करना शुरू कर सकते हैं। व्यक्तियों तथा जिन लोगों को अपने खातों का ऑडिट नहीं करवाना है, उनके लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। आम तौर पर, आईटीआर फॉर्म वित्त वर्ष की समाप्ति से पहले फरवरी/मार्च के आसपास अधिसूचित किए जाते हैं। हालांकि, इस बार आईटीआर फॉर्म और दस्तावेज दाखिल करने की सुविधा में देरी हुई क्योंकि राजस्व विभाग के अधिकारी नए आयकर विधेयक में व्यस्त थे जिसे फरवरी में संसद में पेश किया गया था। आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर फॉर्म एक और चार उन व्यक्तियों और इकाइयों द्वारा दाखिल किए जाने हैं जिनकी कुल वार्षिक आय 50 लाख रुपये तक है। अब वेतनभोगी व्यक्ति और अनुमानित कराधान योजना के तहत आने वाले वे लोग, जिनका एक वित्त वर्ष में 1.25 लाख रुपये तक का दीर्घावधि पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) है, क्रमशः आईटीआर-1 और आईटीआर-4 दाखिल कर सकेंगे। पहले ऐसे व्यक्तियों/इकाइयों को आईटीआर-2 दाखिल करना होता था। आयकर कानून के तहत, सूचीबद्ध शेयर और म्यूचुअल फंड की बिक्री से 1.25 लाख रुपये तक के एलटीसीजी को कर से छूट दी गई है। 1.25 लाख रुपये प्रति वर्ष से अधिक के लाभ पर 12.5 प्रतिशत कर लगता है। ईवाई इंडिया कर भागीदार समीर कनाबर ने कहा कि न्यूनतम एलटीसीजी वाले लोगों को आईटीआर-1 या आईटीआर-4 का उपयोग जारी रखने की अनुमति देने से अधिक जटिल फॉर्म को भरने का बोझ कम हो जाता है।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 42 पैसे उछलकर 84.54 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 42 पैसे उछलकर 84.54 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिका के साथ जल्दी ही व्यापार समझौते होने की उम्मीद और विदेशी संस्थागत निवेशकों के निर्बाध निवेश ने कारोबारी धारणा को मजबूत किया। बाजार सूत्रों ने कहा कि इसके अलावा, प्रमुख विदेशी मुद्रा विनिमय दरों के मुकाबले डॉलर में कमजोरी तथा वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपये को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 85.15 पर खुला और डॉलर के मुकाबले 84.47 के दिन के उच्चतम स्तर और 85.15 के निम्नतम स्तर के बीच रहा। कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया 84.54 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो इसके पिछले बंद स्तर से 42 पैसे की तेजी है। मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 27 पैसे की तेजी के साथ 84.96 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (शोध विश्लेषक-जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, 'रुपये में मजबूती के साथ सकारात्मक कारोबार हुआ... एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) और डीआईआई (घरेलू संस्थागत निवेशक) के कोष प्रवाह तथा अमेरिका-भारत व्यापार समझौते की उम्मीद से इसे समर्थन मिला।

वर्ष 10, पूर्णांक 4223 अंक 033, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in